दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

# भारत टाइम्स

D Edition

Reg.No.RJ26D00120077

www.bharattimenews.com

सत्यमेव परं श्रुतम्

Bharattimesnews01@gmail.com

वर्ष- 2 | अंक-348 | दिल्ली, शुक्रवार 24 जनवरी 2025 | पेज-8 | ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित

**विचार**

" अपनी ताकत पर भरोसा करो, उधार की ताकत तुम्हारे लिए घातक है "

सुभाष चन्द्र बोस



पेज 4

## न्यूज़. ब्रीफ

### खूबसूरत नीली आंखों वाली मोनालिसा के घर में छत नहीं

खरगोन। प्रयागराज महाकुंभ में माला बेचने पहुंची मध्य प्रदेश के महेश्वर की 17 वर्षीय मोनालिसा सोशल मीडिया पर सुर्खियों में आ गई है। अब खूबसूरत नीली आंखों वाली वायरल गर्ल मोनालिसा के घर को लेकर चौंकाने वाली बात सामने आई है। दरअसल मोनालिसा के घर की पक्की छत नहीं है। घर की दीवारें खड़ी हो गई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त नहीं मिलने से छत पॉलिथिन और लकड़ी की बल्लियों से ढंकी है। मोनालिसा के वंशज राजस्थान के चित्तौड़गढ़ से करीब 150 साल पहले मध्य प्रदेश में रहने आए थे। जगह-जगह घूमने वाले घुमन्तु परिवार करीब 30 साल पहले मां देवी अहिल्या की नगरी महेश्वर में आकर बस गए।

### 13 साल के भाई ने एक वर्षीय बहन की हत्या कर दी, कारण जान हैरान रह जाएंगे आप

13 साल के भाई ने एक वर्षीय बहन की हत्या कर दी, कारण जान हैरान रह जाएंगे आपसूरत। शहर के नानपुरा इलाके में एक साल की मासूम बच्ची की हत्या की घटना सामने आई है हत्या करने वाला कोई और नहीं बल्कि बच्ची का 13 वर्षीय भाई थो बच्ची की हत्या का कारण जान चौंक जाएंगे पुलिस ने नाबालिग किशोर को हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू की है जानकारी के मुताबिक मुंबई में रहनेवाला 13 वर्षीय किशोर एक साल पहले सूरत के नानपुरा क्षेत्र निवासी अपनी मौसी के घर आया थो जहां मौसेरे भाई ने अपनी 1 साल की बहन की हत्या कर दी।

### राजौरी में मौत पर केंद्रीय मंत्री का बयान, प्रारंभिक जांच में अज्ञात विषाक्त पदार्थों का सेवन बीमारी का कारण

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में 17 लोगों की मौत के बाद हड़कंप मचा हुआ है। सावधानी बरतते हुए जम्मू-कश्मीर सरकार ने राजौरी संभाग के सुदूर बधाल गांव को कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। पूरे गांव की कड़ी निगरानी की जा रही है। अब तक माना जा रहा था कि इतने लोगों की जान जाने की वजह कोई रहस्यमयी बीमारी है। लेकिन अब केंद्रीय मंत्री ने इस दावे को लेकर एक बड़ी जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राजौरी में पिछले एक माह में 17 लोगों की जान जाने की वजह रहस्यमयी बीमारी नहीं है। प्रारंभिक जांच में अज्ञात विषाक्त पदार्थों के कारण बीमारी के होने की संभावना जाहिर की गई है।

### बांग्लादेशी महिलाओं को लाडली बहन योजना का लाभ, कमाठीपुर से 5 बांग्लादेशी गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार की लाडली बहन योजना को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। खबर है कि अब एक बांग्लादेशी महिला ने लाडली बहन योजना का लाभ उठाया है। बताया गया है कि मुंबई के कमाठीपुर की एक महिला ने इस योजना का लाभ उठाया है। दरअसल मुंबई पुलिस ने 5 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक दलाल को भी गिरफ्तार किया गया है। यह बांग्लादेशी महिला भारत में घुसपैठ कर चुकी है। इसके बाद उसने लाडली बहिन योजना का लाभ उठाया।

**मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भोपाल में**

# डॉ. भीमराव अंबेडकर फ्लाई-ओवर का लोकार्पण कर किया संबोधित

**डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जायेगा भोपाल का नव निर्मित फ्लाई-ओवर**

## लंबे समय तक भोपाल का विकास अवरूद्ध रहा, भाजपा सरकार में भोपाल का विकास शुरू हुआ

- भोपाल देश का दिल है, इसका तेजी से होगा विकास, महिला सशक्तिकरण नीति जल्द होगी मंजूर
- 180 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा बावड़िया-कला ओवर ब्रिज -डॉ. मोहन यादव
- मध्यप्रदेश को स्वर्णिम प्रदेश बना रही है भाजपा सरकार
- डॉ. भीमराव अंबेडकर फ्लाई ओवर अधोसंरचना के क्षेत्र में बड़ी सौगात
- शहर के विकास को गति प्रदान करेगा नया ओवरब्रिज -विष्णुदत्त शर्मा



*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरूवार को भोपाल में गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक बनाए गए फ्लाई ओवर का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भोपाल को मिली 154 करोड़ रुपए की लागत के फ्लाई-ओवर की सौगात नगर के विकास को गति देगी। यह नव निर्मित फ्लाई-ओवर हमारे महान देशभक्त और संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जायेगा। भोपाल, देश का दिल है। यह देश की सुंदरतम राजधानी है। वर्ष 1956 में जब मध्यप्रदेश का गठन हुआ था, उस समय भोपाल एक छोटा सा गांव था। लंबे समय तक इसका विकास रुका रहा। हमारी सरकारों ने इसका विकास किया। अब भोपाल का तेज गति से विकास किया जाएगा। तीन किलोमीटर लंबा नव निर्मित फ्लाई-ओवर गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर तक बनाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सुयोग है कि आज नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर इसका लोकार्पण हो रहा है। यह पुल एक और नेताजी सुभाष चंद्र सेतु और दूसरी ओर वीर सावरकर सेतु को मिलाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बावड़िया-कलां क्षेत्र में आवागमन की सुविधा की दृष्टि से 180 करोड रुपए की लागत से फ्लाई-ओवर बनाए जाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द बैरागढ़ ब्रिज का भी लोकार्पण किया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार मध्यप्रदेश को स्वर्णिम मध्यप्रदेश बना रही है। डॉ. भीमराव अंबेडकर फ्लाई ओवर अधोसंरचना के क्षेत्र में बड़ी सौगात है। यह नया फ्लाई ओवर शहर के विकास को गति प्रदान करेगा। कार्यक्रम को प्रदेश शासन के मंत्री राकेश सिंह एवं विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी संबोधित किया है।*

### बाबा साहब अंबेडकर ने समानता की लड़ाई लड़ी - डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने समानता की लड़ाई लड़ी। संविधान निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है, उन्होंने धारा 370 का विरोध किया था। हम उनकी स्मृति में पंच तीर्थ उनके जन्म स्थान, दीक्षा स्थल, कर्मभूमि, शिक्षा स्थल और जहां उन्होंने शरीर त्याग किया वहां तीर्थ स्थल विकसित कर रहे हैं। देवी अहिल्याबाई, रानी दुर्गावती और झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जैसी महान वीरांगनाओं ने देश का गौरव बढ़ाया है। हमारी सरकार ने महिला सशक्तिकरण नीति बनाई है, जिसे शीघ्र लागू किया जायेगा। हमारी सरकार महिलाओं, युवा, किसान और गरीबों के कल्याण के लिए मिशन चला रही है। हम निरंतर बहनों की बेहतरी के लिए कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार महिला, युवा, किसान और गरीबों के कल्याण के लिये मिशन चला रही है। इनकी बेहतरी के लिये योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में निवेश के लिये चौतरफा प्रयास किये जा रहे हैं। हाल ही में पूणे में आयोजित निवेशकों के सम्मेलन में अनेक उद्योगपतियों ने प्रदेश में निवेश की सहमति दी है। पूणे के उद्योगपति भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न अंचलों की नैसर्गिक सुंदरता से भी काफी प्रभावित हैं।

### औबेदुल्लागंज, नर्मदापुरम, बैतूल व जबलपुर मार्ग पर यातायात सुगम होगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस पुल के बन जाने से ओबेदुल्लागंज, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा और जबलपुर मार्ग पर यातायात सुगम होगा। आज हमारे महान देशभक्त नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है, उन्हें हम हृदय से नमन करते हैं। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने अंग्रेजों को चुनौती दी और स्वतंत्रता संग्राम को नई राह दिखाई। वर्ष 1923 में उन्होंने अंग्रेजों की आईसीएस परीक्षा प्रवीण्य सूची में उत्तीर्ण की, परंतु उन्होंने अंग्रेजों की गुलामी करने के स्थान पर देशभक्ति का मार्ग चुना। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद का चुनाव सर्वाधिक मतों से जीता।

### शहर के विकास को गति प्रदान करेगा नया ओवरब्रिज- विष्णुदत्त शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार विकसित मध्यप्रदेश को स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और उनकी पूरी टीम प्रदेश में अधोसंरचना के विकास के लिए तेज गति से काम कर रही है। इसी का उदाहरण है राजधानी का यह नवनिर्मित फ्लाईओवर, जिसका निर्माण काफी तेज गति से किया गया है। उन्होंने कहा कि इस फ्लाईओवर के लोकार्पण के माध्यम से मुख्यमंत्री ने राजधानी वासियों को अधोसंरचना के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात दी है। इसके कारण न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि इसका लाभ राजधानी के व्यापारियों, आम नागरिकों एवं समाज के हर वर्ग के लोगों को मिलेगा। इस फ्लाईओवर के कारण जब परिवहन की गति में सुधार होगा, तो इससे शहर के विकास को भी रफ्तार मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने नए फ्लाईओवर के लोकार्पण पर भोपाल वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह एवं फ्लाईओवर के निर्माण में अलग-अलग भूमिकाएं निभाने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति उपस्थित रहे।

## खराब स्वास्थ्य के चलते राहुल गांधी की मुस्तफाबाद की रैली भी हुई रद्द

**कांग्रेस ने आप को अल्कोहल अफेक्टेड पार्टी बताया**




नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी गुरुवार को भी दिल्ली में चुनाव प्रचार नहीं कर सके। उनकी मुस्तफाबाद की रैली भी रद्द हुई है। कांग्रेस पार्टी ने कहा कि तबीयत खराब होने की वजह से राहुल गांधी चुनाव प्रचार करने नहीं आ सके। बता दें कि बुधवार को राहुल गांधी को सदर बाजार में जनसभा को संबोधित करना था, लेकिन राहुल गांधी यहां भी नहीं पहुंचे। खराब स्वास्थ्य के चलते राहुल की नई दिल्ली सीट पर प्रस्तावित कार्यक्रम भी रद्द करना पड़ा। वे 21 जनवरी को कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस की जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली में भी शामिल नहीं हुए थे। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि राहुल आने वाले दिनों में दिल्ली में कई जनसभाएं कर सकते हैं। वे रोड शो और पदयात्रा में भी शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस ने पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल सरकार की शराब नीति में कथित भ्रष्टाचार को लेकर गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधकर आरोप लगाया कि आप का मतलब अल्कोहल अफेक्टेड पार्टी आप) है तथा शराब से पैसा बनाने की उसकी लत ने दिल्ली को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि एक ऑडियो भी जारी किया जो कथित तौर पर आप विधायक शरद चौहान का है। कांग्रेस द्वारा जारी ऑडियो में दावा किया गया कि उपमुख्यमंत्री रहते आप नेता मनीष सिसोदिया ने शराब नीति को मंजूरी देने के साथ कहा था कि उनकी पार्टी को चुनाव लड़ने के लिए इससे पैसा आएगा। कांग्रेस नेता द्वारा जारी ऑडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। वहीं आप की तरफ से फिलहाल इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## महाराष्ट्र के लातूर स्थित पोल्ट्री फार्म में 4,200 चूजों की अचानक हुई मौत

**बर्ड फ्लू के बढ़ते खतरे के बीच चिंताजनक मामला**



लातूर। महाराष्ट्र के लातूर जिले में बर्ड फ्लू के बढ़ते खतरे के बीच एक गंभीर और चिंताजनक मामला सामने आया है। यहां एक पोल्ट्री फार्म में 4,200 चूजों की अचानक मौत हुई है। जिससे हड़कंप मच गया। ये चूजे पांच से छह दिन के थे और उनकी मौत दो से तीन दिनों के भीतर हुई। पोल्ट्री फार्म मालिक ने प्रशासन को घटना की जानकारी नहीं दी। प्रशासन ने मृत चूजों के सैंपल पुणे स्थित स्टेट एनिमल डिजीज डायग्नोस्टिक लेबोरेटरी भेज दिए हैं। इसके पहले इसी जिले के उदगीर शहर में 60 कौओं की बर्ड फ्लू से मौत की पुष्टि हो चुकी है, जिसके बाद प्रशासन और पशुपालन विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। रिपोर्ट के अनुसार मामला अहमदपुर तहसील के ढालेगांव गांव का है। यहां पोल्ट्री फार्म में चूजों की मौत की घटना सामने आई है। सूचना मिलने के बाद टीम ने मृत चूजों के सैंपल पुणे के स्टेट एनिमल डिजीज डायग्नोस्टिक लेबोरेटरी में जांच के लिए भेज हैं।

## नई दिल्ली सीट पर केजरीवाल को वॉक ओवर नहीं, प्रवेश वर्मा के आने से फंसा पेंच

**रही सकी कसर कांग्रेस के संदीप दीक्षित पूरा कर रहे**



नई दिल्ली। नई दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर इस बार चुनावी मुकाबला बेहद रोमांचक होता दिख रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री और आप नेता अरविंद केजरीवाल के सामने बीजेपी ने पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा को मैदान में उतार दिया है। वहीं, कांग्रेस ने शीला दीक्षित के बेटे संदीप को मैदान में उतारकर मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। इसके बाद ये बात साफ हो गई हैं कि केजरीवाल को इस बार चुनाव में कड़ी चुनौती मिलने वाली है। यह देखकर केजरीवाल इस बार मध्य वर्ग को साधने की रणनीति अपनाए हुए हैं। उन्होंने टैक्स आतंकवाद के मुद्दे को उठाकर केंद्र की मोदी सरकार से सात डिमांड रखकर मध्यम वर्ग के लिए राहत देने की बात कही है। दूसरी ओर, बीजेपी ने आठवें वेतन आयोग की घोषणा करके सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारकों को साधने की कोशिश की है।

### महाकुंभ ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, संगम में डुबकी लगाने वालों का आंकड़ा 10 करोड़ के पार

*महाकुम्भ नगर। महाकुंभ के अवसर पर मोक्ष की अभिलाषा के साथ देश दुनिया के विभिन्न अंचलों से आकर तीर्थराज प्रयागराज में त्रिवेणी में पवित्र डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या गुरुवार दोपहर तक दस करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी थी। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतो, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों के स्नान का यह नया रिकॉर्ड है। महाकुम्भ में प्रतिदिन लाखों की संख्या श्रद्धालु पुण्य स्नान का फल प्राप्त कर रहे हैं। सरकार पहले ही 45 दिन तक चलने वाले महापर्व के दौरान 45 करोड़ श्रद्धालुओं के यहां आने का अनुमान व्यक्त कर चुकी है जिसमें अकेले मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर ही दस करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज आगमन के आसार हैं। गंगा की रेती पर हजारों कदम चलने के बाद त्रिवेणी के पावन जल में डुबकी लगाने वालों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। गुरुवार दोपहर 12 बजे तक 30 लाख लोगों ने त्रिवेणी संगम में स्नान कर लिया। इसमें 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। इसके साथ ही महाकुम्भ में 10 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या भी पार कर गई। पूरे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भक्तों का तांता लगा रहा। देश के विभिन्न प्रान्तो और विश्व के अनेक देशों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया। संगम के तटों पर इस समय पूरे देश की विविध संस्कृतियों की झलक देखने को मिल रही है। ऊंच नीच, जात पात, पंथ से ऊपर उठकर लोग संगम स्नान कर एकता के महाकुम्भ के संकल्प को साकार कर रहे हैं। अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो 23 जनवरी तक 10 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। सर्वाधिक 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था।*

**घुसपैठ**

**कई राज्यों में हिंदू नामों के लिबास में खुद को छिपाकर रह रहे अवैध बांग्लादेशी**

## पिछले कुछ दिनों में कई बांग्लादेशी घुसपैठिया को पकड़ा गया

- बंगाल और असम में सबसे ज्यादा संख्या




मुंबई। फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने वाला आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद बांग्लादेशी घुसपैठिया निकला, जो बिजॉय दास नाम से मुंबई में रह रहा था। मुंबई में एक बांग्लादेशी महिला कुलसुम शेख को भी मुंबई पुलिस ने पकड़ लिया है। वह 2016 से मोहिनी के नाम से शहर में रह रही थी। इसतरह से कई बांग्लादेशी बेंगलुरु, दिल्ली, यूपी, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, असम, कर्नाटक और देश के कई राज्यों से पकड़े जा चुके हैं, जिन्होंने भारत में हिंदू नामों के लिबास में खुद को छिपाया हुआ है। दिल्ली में आए दिन बांग्लादेशियों के पकड़े जाते हैं। देश के कई हिस्से हैं, जहां अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण इलाके की डेमोग्राफी बदल गई है। पिछले दिनों पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भी बीएसएफ पर घुसपैठ कराने के सनसनीखेज आरोप लगाए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कश्मीर से कन्याकुमारी के बीच देश के करीब 17 राज्यों में करीब दो करोड़ बांग्लादेशी अवैध रूप से निवास कर रहे हैं। इस बारे में पहला आधिकारिक आंकड़ा संसद में 2007 में आया था। तब तत्कालीन गृह राज्य मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल ने बताया था कि भारत में 1.2 करोड़ अवैध बांग्लादेशी हैं। हालांकि बाद में उन्होंने आंकड़े के स्त्रोतों को गलत बताकर अपना बयान वापस ले लिया था। फिर दूसरी बार इस पर सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर जोगिंदर सिंह ने 2014 में एक आंकड़ा रखा। तब उन्होंने अनुमान लगाया था कि देश में करीब पांच करोड़ अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं। हालांकि इस आंकड़े की कभी पुष्टि नहीं हुई। मगर हर शहर में बनी अधिकतर अवैध झुग्गियों का कनेक्शन इन बांग्लादेशियों से रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पश्चिम बंगाल में 57 लाख और असम में 50 लाख से अधिक बांग्लादेशी हैं। असम के 33 जिलों में से 9 बारपेटा, धुबरी, दरांग, नौगांव, करीमगंज, दारंग, मोरीगांव, बोंगाईगांव, धुबरी, गोलपारा और लाकांडी में मुस्लिम आबादी 50 से 80 प्रतिशत तक पहुंच गई है। बीजेपी सहित कई संगठनों का दावा है कि राज्य में 45 विधानसभा सीट पूरी तरह से मुस्लिम वोटरों के कब्जे में है, इसमें अधिकतर बांग्लादेश से पलायन कर असम पहुंचे हैं। असम के नलबाड़ी, कछार और कामरूप में भी धार्मिक जनसंख्या में बदलाव हुआ है। पिछले चार दशकों में बिहार के सीमांचल के चार जिले किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में मुस्लिम आबादी बहुत तेजी से बढ़ी है। किशनगंज में मुस्लिम आबादी 67.58 प्रतिशत और हिंदू आबादी 31.43 प्रतिशत है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने रिपोर्ट में दावा किया है कि झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ हो रही है।

Regd. 202045

भारतीय पत्रकार समिति

पत्रकारों के हक में - पत्रकारिता के हित में

तेजी से उभरता भारत का सबसे बड़ा पत्रकारों का संगठन

पत्रकारिता से जुड़े व्यक्ति सदस्य बनने के लिए अपना बायोडाटा आईडी कार्ड सहित ईमेल करें

राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान शुरू

Email: indianjournalistcommittee@gmail.com

# ग्राम पंचायत ने साफ सफाई करवाई



♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** स्थानीय ग्राम पंचायत प्रशासन ने कस्बे के करीब आधा दर्जन स्थानों से जेसीबी व ट्रैक्टरों के माध्यम से कचरा हटाते हुए साफ सफाई की। ग्राम विकास अधिकारी भजनलाल बिश्नोई व सरपंच प्रतिनिधि यशराज दाधीच ने बताया कि सदर बाजार स्थित महादेव जी के मंदिर के पास कचरा व गंदगी हटाते हुए व बस स्टैंड के बाहर भी 25 ट्रोली से अधिक कचरा जेसीबी के माध्यम से हटाकर साफ सफाई की। इस कार्य में पूर्व वार्डपंच महेश शर्मा, रामावतार दाधीच, अनिल टाक, सुभाष व अब्दुल कलाम सहित कई जन प्रतिनिधि व ग्रामीणों ने भी उपस्थित रहकर सहयोग किया।

# मैराथन निरीक्षण पर कलक्टर : एनएच 162 ई, वेलनेस सेंटर, अस्पताल, डीएमएफटी सहित विविध कार्यों का औचक निरीक्षण



- राजीविका एसएचजी की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद देखे
- जाजम पर बैठ विभिन्न विषयों पर की चर्चा
- समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो सभी स्वीकृत निर्माण कार्य : जिला कलक्टर



♦भारत टाइम्स♦

**राजसमन्द।विद्याधर वैष्णव।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा गुरुवार को नाथद्वारा उपखंड क्षेत्र में मैराथन दौरे पर रहे। उन्होंने नाथद्वारा जिला चिकित्सालय में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ डीएमएफटी के तहत स्वीकृत प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया।कलक्टर उपली ओडन में निमार्णाधीन राजकीय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक एकीकृत महाविद्यालय पहुंचे और निर्माण कार्य को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें बिल्डिंग प्लानिंग को मैप पर व्यवस्थित रूप से बताया। कलक्टर ने कहा कि कार्य जल्द पूर्ण हो जिससे क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल सके।जिला कलक्टर खमनोर पहुंचे जहां उन्होंने राजीविका स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाई जा रही मोलेला मृण शिल्प की कलाकृतियाँ देखी। महिलाओं से विभिन्न तैयार उत्पादों, मूर्तियों आदि को दिखा कर आय-व्यय, खर्च आदि के संबंध में बताया। यहां जिला कलक्टर ने महिलाओं के साथ जाजम पर बैठ कर सशक्तिकरण और आर्थिक संबलन की दिशा में की जा रही गतिविधियों को लेकर विस्तार से जानकारी लेते हुए हर संभव प्रोत्साहन के लिए आश्वस्त किया।जिला कलक्टर बिल्ली की भागल में मेडीटूरिज़म एंड वेलनेस सेंटर के कार्य भी देखने पहुंचे और समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही उन्होंने सेमा ग्राम पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण पर कार्यालय की व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने यहाँ वाचनालय एवं पुस्तकालय में आए विद्यार्थियों से चर्चा के साथ-साथ ग्रामवासियों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

### एनएच 162 ई के कार्यों का किया निरीक्षण

जिला कलक्टर असावा ने नेशनल हाइवे 162 ई के प्रगतिरत कार्य का औचक निरीक्षण कर मौके पर मौजूद एनएच के अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। कलक्टर ने यहाँ सड़क निर्माण को लेकर सभी तकनीकी पहलुओं की समीक्षा करते हुए चर्चा की। उन्होंने विशेष तौर पर ट्राफिक मैनेजमेंट को व्यवस्थित करने और आमजन को परेशानी न होने देने के निर्देश दिए। एनएच के अधिकारियों ने बताया कि इस हाइवे का कार्य 27 सितंबर 2025 तक पूर्ण होना है। कलक्टर ने कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## न्यूज। ब्रीफ

### बोरुंदा में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आज

**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** कस्बे के पुंदलू चौराहा पर शुक्रवार को एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित होगा। आयोजक कुलदीप सिंह माडपुरिया ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 11 से दोपहर 3 तक द्वारका क्लीनिक पर आयोजित शिविर में स्थानीय के साथ जोधपुर से आए विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे।

### गणतंत्र दिवस पर रेलवे स्टेडियम में डीआरएम फहराएंगे ध्वज

**जोधपुर।** देश के 76 वें गणतंत्र दिवस पर डीआरएम पंकज कुमार सिंह रविवार को यहां रेलवे स्टेडियम पर होने वाले समारोह में ध्वज फहराकर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। डीआरएम सुबह 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद रेलवे सुरक्षा बल,भारत स्काउट एंड गाइड,सेंट जोंस एंबुलेंस तथा सिविल डिफेंस की परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इस अवसर पर स्काउट एंड गाइड और ज्ञानोदय स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# निमार्णाधीन सड़क पर पक्षपात करने का आरोप

### युवक ने किटनाशक पिया, बोरुंदा में प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर

♦भारत टाइम्स♦



**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** थाना क्षेत्र के गढ़सुरिया के एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें उसने सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए उसके साथ पक्षपात कर चिन्हित करने के आगे के हिस्से को भी तोड़ने व उसकी साइड में दबाकर सड़क निकालने का दबाव बनाया जा रहा है। वीडियो वायरल के बाद युवक ने परेशान होकर कीटनाशक दवाई पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे गंभीर अवस्था में बोरुंदा अस्पताल लाया गया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार करने के बाद जोधपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित युवक के बयान कलम बद्ध किए। थाना क्षेत्र के गढ़सुरिया में राज्य मार्ग संख्या 21 का निर्माण कार्य के दौरान सड़क की चौड़ाई की जा रही है। सड़क कि चौड़ाई करने को लेकर धमीर्चंद पुत्र रामचंद्र उम्र 35 वर्ष जाति रेगर निवासी गढ़सुरिया का मकान को भी चिन्हित किया गया। इसके अनुरूप मकान मालिक ने चिन्हित के निशान तक अपना मकान हटा लिया। युवक ने आरोप लगाया कि पक्षपात कर उसके घर की तरफ साइड अत्यधिक दबाकर उसके घर की और अन्य हिस्से को भी तोड़ने का दबाव बनाए जा रहा है। वहीं धमीर्चंद ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर प्रशासन से न्याय कि मांग करते हुए बताया कि उसके मकान से होकर सड़क निकाली जा रही है।

वहीं पीपाड़ एसडीएम व ग्राम सेवक को बताने के बावजूद कार्यवाही नहीं हुई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में बताया कि केंद्र बिंदु को उसे घर की तरफ दबाने व धांधली करने का ठेकेदार पर आरोप लगाते हुए आत्महत्या करने की धमकी दी इसके बावजूद उसने कीटनाशक दवाई पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। जिस पर युवक ने कीटनाशक पीली। ग्रामीणों व परिजनों ने उसे अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद जोधपुर रेफर कर दिया। वहीं सूचना पर मुख्य आरक्षी मनोज कुमार बैरवा पीड़ित युवक से मिले। बयान भी लिए। थानाधिकारी सुरेश कुमार बिश्नोई ने बताया कि इस संबंध में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेकर संज्ञान में लिया है।

### संवेदनशील प्रशासन : निकिता को अब मिलेगी नौ वर्षों से अटकी हुई पालनहार योजना की राशि

# कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देश पर बालिका को नौ वर्षों से अटका हुआ पालनहार योजना का लाभ हो गया स्वीकृत

♦भारत टाइम्स♦



### कलक्टर असावा ने बालिका निकिता से मुलाकात कर खूब पढ़-लिखकर आगे बढ़ने की दी प्रेरणा

**राजसमन्द। विद्याधर वैष्णव।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में प्रशासन द्वारा जरूरतमंद लोगों के पात्र और लंबित कार्य त्वरित गति से पूर्ण होने का सिलसिला जारी है। कलक्टर के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने एक बच्ची का नौ वर्ष से अटका हुआ पालनहार योजना का लाभ स्वीकृत किया है।लाभ स्वीकृत होने के बाद कलक्टर ने अपने चैंबर में बालिका और उसके दादाजी को बुलाया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कलक्टर ने बालिका निकिता से उसकी पढ़ाई और करियर पर काफी देर चर्चा की और प्रशासन की ओर से पात्रता अनुसार हर सहयोग का भरोसा दिलाया। बालिका भी जिला कलक्टर से मिलकर गदगद दिखी।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक दीपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि कुंभलगढ़ तहसील के ग्राम गिटोरिया निवासी सीता खटीक पत्नी भैरूलाल खटीक की बालिका निकिता को पिछले 9 साल से पालनहार का लाभ नहीं मिल रहा था। सीता एवं बालिका द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यालय में सम्पर्क करने पर सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजपाल सिंह राठौड़ द्वारा पोर्टल पर बालिका का आवेदन जांच करने पर ज्ञात हुआ कि बालिका निकिता का वर्ष 2017 में पालनहार श्रेणी मे नवीन संतान में आवेदन किया गया था परन्तु आवेदन में आपत्ति होने तथा निर्धारित समय पर आपत्ति दूर नहीं करने के कारण आवेदन स्वतः निरस्त हो गया था।तत्पश्चात संबंधित ई-मित्र बंद होने के कारण पुनः आवेदन नहीं हो पा रहा था जिसके कारण बालिका को पालनहार का आर्थिक लाभ नहीं मिल पा रहा था। शिकायत मिलने पर जिला कलक्टर के निर्देशन में बालिका के विभिन्न विद्यालयों में विगत 9 वर्षों से नियमित अध्ययनरत होने के प्रमाण-पत्र प्राप्त किया गया।इसके बाद बालिका का पुरानी ई-मित्र आईडी चेंज कर नजदीकी ई-मित्र केन्द्र से आवेदन करवाकर बालिका की वर्ष 2017 से अभी तक वित्तीय स्वीकृति जारी कर की गई। अब बालिका को वर्ष 2017 से अभी तक की बकाया पालनहार की आर्थिक सहायता मिल पायेगी।

उपनिदेशक दीपेन्द्र सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2024-2025 हेतु निर्धारित समयावधि 15 फरवरी 2025 तक के लिए बढ़ाई गई है। जिले के ऐसे पालनहार जिनको पालनहार योजना की राशि नहीं मिल रही है वे जिला कार्यालय में सम्पर्क करें, जिससे उनकी समस्या का समाधान किया जा सके।

# जोधपुर के रास्ते दूसरी महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन बाड़मेर से आज होगी रवाना

♦भारत टाइम्स♦

- ट्रेन का तीसरा फेरा 7 और चौथा 14 फरवरी को होगा
- जोधपुर से रात्रि 9.30 बजे होगी रवाना
- यात्री सुविधा हेतु होंगे 15 जनरल डिब्बे

**जोधपुर।** प्रयागराज महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों के अतिरिक्त यातायात के मद्देनजर रेलवे द्वारा प्रारंभ की गई बाड़मेर-बरौनी महाकुंभ मेला स्पेशल दूसरे ट्रिप के लिए शुक्रवार को बाड़मेर से प्रस्थान करेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे द्वारा प्रयागराज महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा हेतु रेल प्रशासन द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत ट्रेन 04811,बाड़मेर-बरौनी महाकुंभ मेला स्पेशल दूसरे ट्रिप के लिए शुक्रवार शाम साढ़े पांच बजे बाड़मेर से प्रस्थान कर रात्रि 9.20 बजे जोधपुर आकर 9.30 बजे प्रस्थान तथा प्रयागराज स्टेशन पर शनिवार शाम 7.05 बजे आगमन व 7.10 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन सुबह 9 बजे बरौनी पहुंच जाएगी। वापसी में ट्रेन 04812,बरौनी-बाड़मेर महाकुंभ मेला स्पेशल 26 जनवरी को बरौनी से रात्रि 11 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 11.15 बजे प्रयागराज स्टेशन पर आगमन व 11.20 बजे प्रस्थान और तीसरे दिन सुबह 8.45 बजे जोधपुर आकर 8.55 बजे प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे बाड़मेर पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन के दो और फेरे 7 और 14 फरवरी को होंगे।

### इन स्टेशनों पर होगा ठहराव

सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा के अनुसार बाड़मेर-बरौनी महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन आवागमन में बालोतरा, समदड़ी, जोधपुर, मेड़ता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, फुलेरा, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज, मिजार्पुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलीपुत्र व हाजीपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। ट्रेन में यात्रियों की सुविधा हेतु 1 थ्री टायर एसी,5 स्लीपर, 15 जनरल और दो गार्ड एसएलआर डिब्बे होंगे।

# नव नियुक्त पाली सदर पुलिस थानाधिकारी सहदेव चौधरी का किया स्वागत



♦भारत टाइम्स♦

सोजत सिटी - नव नियुक्त पाली सदर पुलिस थानाधिकारी सहदेव चौधरी ने कार्यभार संभालने पर साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए समाजसेवी व मानवाधिकार परिषद भारत राजस्थान प्रदेश सह सचिव व सोजत मेहंदी नगरी के युवा रत्न व राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी व दीपक सोनी आदि उपस्थित थे एवं मानवाधिकार परिषद भारत राजस्थान प्रदेश सह सचिव डॉ. महेश सोनी ने नव नियुक्त पाली सदर पुलिस थानाधिकारी सहदेव चौधरी से कुछ विषयों पर चर्चा भी की गई। नव नियुक्त पाली सदर पुलिस थानाधिकारी सहदेव चौधरी ने कहा कि थाना क्षेत्र में अवांछनीय गतिविधियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर।

नव नियुक्त पाली सदर पुलिस थानाधिकारी सहदेव चौधरी ने कहा कि समाजसेवी व मानवाधिकार परिषद भारत राजस्थान प्रदेश सह सचिव डॉ. महेश सोनी द्वारा किए गए बहुमान व स्वागत का आभार जताया।

# कोयंबटूर, तमिलनाडु में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में हुई



♦भारत टाइम्स♦

**अलवर/राजेश गुप्ता।** बैठक में क्षतिपूरक वन रोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (CAMPA) के क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक के दौरान, समिति सदस्यों ने CAMPA के अंतर्गत वनावरण को बढ़ाने और पारिस्थितिक संतुलन को बनाये रखने के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। समिति सदस्यों ने CAMPA के क्रियान्वयन में आगे सुधार के लिए मूल्यवान सुझाव दिए।वर्ष 2022 से 2024 के मध्य किए गए CAMPA कार्यों की झलक पर संकलित पुस्तक "Glimpses: Success Stories of CAMPA 2022-24" का विमोचन भी किया गया। समिति ने वन आनुवंशिकी और वृक्ष प्रजनन संस्थान (IFGTB) में अनुसंधान कार्यों का निरीक्षण किया। संस्थान के निदेशक ने समिति के समक्ष अनुसंधान कार्यों पर एक प्रस्तुतिकरण दिया। समिति सदस्यों द्वारा ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत भाग लेते हुए स्थानीय वृक्ष प्रजातियों का रोपण किया गया। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

## आवश्यकता

भारत टाइम्स न्यूज को रिपोर्ट्स और अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। यदि आप हमसे जुड़ना चाहते है तो अपना बॉयोडाटा हमे ईमेल करे।

Bharattimesnews01@gmail.com

Whatsapp

9509745147

9799911545

# जिले से दो उत्कृष्ट आशा दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में लेगी भाग

♦भारत टाइम्स♦



**राजसमंद। विद्याधर वैष्णव।** दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस में जिले से दो उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा राजसमंद ब्लॉक के केलवा से संगीता शर्मा एवं खमनोर ब्लॉक के जीवा खेड़ा से मन्जू कंवर विशिष्ट अतिथी के रूप में भाग लेगी। यह पहली बार है जब चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमो से आमजन को जोड़ने वाली तथा समुदाय में कार्य करने वाली आशाओं को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का निमंत्रण मिला है। दोनो आशा कार्यकताओं का जिला स्तर सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक आशा हरिशंकर शर्मा ने जिला स्तर पर संचालित आशा प्रशिक्षण में उपरणा ओढा कर सम्मानित किया तथा मंगलमय यात्रा के लिये शुभकामनायें दी। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने उपस्थित आशाओं को स्वयं प्रेरीत होकर आमजन को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिये कहा तथा विभाग में अपनी महत्वपूर्ण भुमिका का सम्पादन कार्ययोजना बनाकर श्रेष्ठ तरीके से पूरा करने के लिये कहा।आशा संगीता शर्मा एवं मन्जू कंवर ने बताया कि वो गौरवान्वित है कि दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथी के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि वे और अधिक मेहनत के साथ अपने गांव में विभागीय कार्यक्रमो और योजनाओं से ग्रामीणो को लाभान्वित करेगी।हरिशंकर शर्मा ने बताया की दोनो आशा अपने जीवनसाथी के साथ दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस में भाग लेगी।

# पुर्व तैयारियों को लेकर पहुंचे जिला कलेक्टर,एसपी ...

## नौ फरवरी को होगा आईस वक्तावरवन महाराज की का अनावरण..





## मुख्यमंत्री आएंगे सारण..

♦भारत टाइम्स♦

**मारवाड़ जंक्शन ( अजय सिंह तोमर)**। मारवाड़ जंक्शन उपखंड क्षेत्र के सारण में 9 फरवरी को श्री आईस जी महाराज श्री 1008 वक्तावरवन जी सारण प्रतिमा अनावरण समारोह आयोजित होगा, नौ फरवरी को मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर विधायक केसाराम चौधरी व जिला कलेक्टर पाली ,जिला पुलिस अधीक्षक पाली सारण गांव पहुंचे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर आज जिला कलेक्टर लक्ष्मी नारायण,जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट पाली, सीओ सोजत पहुंचे सारण। सारण पहुंचकर जिला कलेक्टर लक्ष्मी नारायण ने किया मौका मुआयना। जिला कलेक्टर पाली ने क्षेत्रीय विधायक केसाराम चौधरी से व्यवस्थाओं को लेकर हुई बातचीत। जिला कलेक्टर पाली ने हेलीपैड, वाहन पार्किंग,सभा स्थल एवं चयन को लेकर विस्तृत चर्चा विधायक केसाराम चौधरी से की,जिस पर विधायक केसाराम चौधरी ने जिला कलेक्टर को संपूर्ण व्यवस्थाओं के चयन लिए भरोसा दिलाया। विधायक चौधरी ने जिला कलेक्टर को वायड भेरू लेकर पहुंचे जहां जिला कलेक्टर ने वायड भेरू के दर्शन किए। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट सिरियारी थाना अधिकारी, सीईओ सोजत सीओ , राजेंद्र सिंह रावत फुलाद, पुर्व प्रधान जीवन सिंह रावत डूंगरसिंह राजपुरोहित, सहित अनेकों जनप्रतिनिधि व अधिकारियों की मौजूदगी रही।

# पूर्व सीएम राजे पहुंचीं जोधपुर

♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुर अरुण माथुर**। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे आज जोधपुर पहुंची। यहां एयरपोर्ट पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। वे विशेष तौर पर वसुंधरा राजे शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड के पुत्र के विवाह के बाद आयोजित आशीर्वाद समारोह में शिरकत करने के लिए पहुंची है। राजस्थान सरकार के पूर्वमंत्री अर्जुन लाल गर्ग, शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़, जेडीए के पूर्व चेयरमैन डॉक्टर महेंद्र सिंह, भाजपा नेता सुनील सीरवी, नरेश सुराणा नरेंद्र कच्छवाहा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष भोपाल सिंह बडला ने उनकी अगवानी की। वसुंधरा राजे के एयरपोर्ट से बाहर निकलने के साथ जिंदाबाद के नारे लगे और फूल मालाओं के साथ दुपट्टे पहनाकर वसुंधरा राजे का स्वागत किया गया।



इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने 144 साल बाद कुंभ के बने संयोग का जिक्र किया और अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या राजमाता विजय राजे सिंधिया की पुण्यतिथि है। राजमाता विजय राजे सिंधिया की पुण्यतिथि के अवसर पर जब दर्शन होंगे तो उसका विशेष महत्व है। इसी दौरान पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़ भी एयरपोर्ट पर आए उन्होंने कहा कि राजस्थान में भाजपा की सरकार विकास के काम एक साल से लगातार कर रही है लेकिन राजस्थान में विपक्ष नाम की कोई चीज नहीं है।

# महाकुंभ को रील में ही नहीं, रियल भी देखना चाहिए: धीरेंद्र शास्त्री

♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुर अरुण माथुर**। बागेश्वर धाम के प्रमुख संत धीरेंद्र शास्त्री का कहना है कि सनातन - धर्म की अद्भुत प्रकृति के प्रतीक महाकुंभ को केवल रील्स में नहीं, बल्कि रियल लाइफ में देखा जाना चाहिए। इसमें हजारों साधु-संत शामिल होते हैं, जो सनातन धर्म को जीवित रखने के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन रील्स में महाकुंभ ने को कुछ ही व्यक्तियों तक सीमित कर दिया जाता है। बुधवार को जोधपुर में एक समारोह में भाग लेने आए धीरेंद्र शास्त्री ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि महाकुंभ भारतीय सनातन संस्कृति की एकता और भव्यता का प्रतीक है। यह केवल भारत में ही नहीं,बल्कि विदेशों से भी लोगों को आकर्षित करता हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि स्टीव जॉब्स की पत्नी कमला और फ्रांसीसी नागरिक भी यहां डुबकी लगाने आते हैं। इसके अलावा, अमेरिका से भी लोग इस महाकुंभ




में भाग लेने के लिए आते हैं। यह समरसता का प्रतीक है, क्योंकि सनातन धर्म सबको अपनी बाहों में समाहित करता है, जबकि अन्य धर्मों में ऐसा नहीं होता। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में महाकुंभ का उद्देश्य कहीं न कहीं भटक रहा है। वे चिंतित हैं कि आजकल कुंभ के बारे में केवल कुछ युवतियों और बाबाओं पर चर्चा की जा रही है, जबकि महाकुंभ का असली उद्देश्य सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार है। उन्होंने उदाहरण दिया कि कुंभ में बहुत सारे साधु-संत जप और तप कर रहे हैं, लेकिन चर्चा का केंद्र केवल कुछ ही लोग बन गए हैं। इसके अलावा, उन्होंने महाकुंभ के बाद साधु-संतों का कहां चले जाना और संगम का महत्व जानने की आवश्यकता को भी बताया। धीरेंद्र शास्त्री ने यह स्पष्ट किया कि महाकुंभ का आयोजन भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से किया गया है, लेकिन कुछ लोग इसके वास्तविक उद्देश्य को भटका रहे हैं। धीरेंद्र शास्त्री ने इस दौरान बागेश्वर धाम में धर्मांतरण रोकने के लिए उठाए गए कदमों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि भारत में आदिवासी समुदाय धर्मांतरण का सबसे बड़ा निशाना बनता है। इस दिशा में बागेश्वर धाम ने हाल ही में आदिवासी समाज के 1200 लोगों को महाकुंभ यात्रा में शामिल किया था और 19 जन जागरण अभियान की शुरूआत की थी। साथ ही, बागेश्वर मंडल के तहत हर गांव में हनुमान चालीसा का प्रचार किया जाएगा, जिससे धर्मांतरण की घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी।

# दिल्ली सराय - साबरमती - दिल्ली सराय, 2 जोडी स्पेशल रेलसेवाओं (1 ट्रिप) का संचालन

♦भारत टाइम्स♦

**अजमेर**। रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु दिल्ली सराय-साबरमती - दिल्ली सराय, 02 जोडी स्पेशल रेलसेवाओं (01 ट्रिप) का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार- 1. गाडी संख्या 04014/04013, दिल्ली सराय - साबरमती - दिल्ली सराय स्पेशल रेलसेवा गाडी संख्या 04014, दिल्ली सराय - साबरमती स्पेशल रेलसेवा दिनांक 24.01.25 को (01 ट्रिप) दिल्ली सराय से 08.10 बजे रवाना होकर 00.30 बजे साबरमती पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04013, साबरमती - दिल्ली सराय स्पेशल रेलसेवा दिनांक 25.01.25 को (01 ट्रिप) साबरमती से 05.30 बजे रवाना होकर 23.00 बजे दिल्ली सराय पहुँचेगी। मार्ग में यह रेलसेवा, दिल्ली छावनी, गुडगांव, रेवाडी, अलवर, जयपुर, किशनगढ, अजमेर, ब्यावर, मारवाड, फालना, आबूरोड व पालनपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 01 फर्स्ट एसी, 05 सैकण्ड एसी, 12 थर्ड एसी, व 02 पॉवर कार डिब्बो सहित कुल 20 डिब्बे होगे। 2. गाडी संख्या 04064/04063, दिल्ली सराय - साबरमती - दिल्ली सराय स्पेशल रेलसेवा गाडी संख्या 04064, दिल्ली सराय - साबरमती स्पेशल रेलसेवा दिनांक 25.01.25 को (01 ट्रिप) दिल्ली सराय से 08.10 बजे रवाना होकर 00.30 बजे साबरमती पहुँचेगी। इसी प्रकार




गाडी संख्या 04063, साबरमती - दिल्ली सराय स्पेशल रेलसेवा दिनांक 26.01.25 को (01 ट्रिप) साबरमती से 05.30 बजे रवाना होकर 23.00 बजे दिल्ली सराय पहुँचेगी। मार्ग में यह रेलसेवा, दिल्ली छावनी, गुडगांव, रेवाडी, अलवर, जयपुर, किशनगढ, अजमेर, ब्यावर, मारवाड, फालना, आबूरोड व पालनपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 01 फर्स्ट मय सैकण्ड एसी , 02 सैकण्ड एसी, 12 थर्ड एसी, 04 द्वितीय शयनयान व 02 पॉवर कार डिब्बो सहित कुल 21 डिब्बे होगे।

# भारतीय सेना का मेला 25 को

**अलवर/राजेश गुप्ता**। भारतीय सेना 25 जनवरी 2025 को अलवर के केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 स्टेडियम में सुबह 9:00 बजे एक सैन्य मेला आयोजित करने जा रही है, ताकि सैन्य उत्कृष्टता और अलवर में संवादात्मक अनुभवों का प्रदर्शन किया जा सके। मेले का उद्देश्य भारतीय सेना की भूमिका, जिम्मेदारियों और राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है और युवाओं को देश की कुलीन सेवाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है। यह आयोजन राष्ट्र की सेवा में बहादुर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान, अद्वितीय साहस और समर्पण को एक श्रद्धांजलि है।

# बीजागुडा पाली रोडवेज बस सेवा बंद होने से ग्रामीण परेशान

♦भारत टाइम्स♦

**बगड़ी नगर - महेंद्र सिंह**। रोडवेज के पाली डीपो से बीजागुडा और पाली के बीच संचालित बस सेवा के बंद होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही हैं। बताया जा रहा हैं कि पाली डीपो से कंडक्टर मदनलाल का ट्रांसफर हो जाने से यह बस सेवा प्रभावित हुई हैं। लंबे समय से वो इस बस पर कंडक्टर नियुक्त थे और पूर्ण ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठता से अपनी सेवाएं दे रहे थे लेकिन अब उनको रोडवेज के ब्यावर डीपो में लगा दिए गया। उनका तबादला हो जाने से इस बस सेवा पर भी असर पड़ा। उनके स्थान पर रोडवेज प्रशासन की ओर से किसी अन्य कंडक्टर को नहीं लगाए जाने की वजह से बस का संचालन भी रुक गया जिसके कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कत एवं असुविधा हो रही हैं। बिना किसी खास वजह के कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी मदनलाल का अन्यत्र तबादला करने के साथ ही बस को बंद कर दिए जाने से ग्रामीणों में रोडवेज प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त हैं। इस बीच ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पोकरना ने भी क्षेत्रीय विधायक शोभा चौहान को इस मामले के संबंध मे अवगत कराया है।

# रामगढ़ विधान सभा के विद्यालयों में मनाया वार्षिक उत्सव समारोह

## रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह वार्षिक उत्सव कार्यक्रमों में हुए शामिल

♦भारत टाइम्स♦

**गोविन्दगढ़ /अलवर /राजेश गुप्ता**। गोविन्द गढ़ कस्बे के समीप ग्राम घाट, निजाम नगर, मालपुर एवं चौमा के विद्यालयों में वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए गए इन सभी वार्षिक स्कूलों के कार्यक्रमों में रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में तथा पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि गोपाल चौधरी शामिल हुए। सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य ने विधायक महोदय का गर्म जोशी से स्वागत किया। इन वार्षिक उत्सव के कार्यक्रमों में सभी विद्यालयों में रंगा रंग कार्य क्रम आयोजित हुए। तथा विद्यालय के छोटे बच्चों ने भी आकर्षक प्रस्तुति पेश की तथा संस्कृति कार्य क्रम भी आयोजित किए गए। रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह ने



ग्रामीणों की और से स्कूलों की चार दिवारी, कमरे, पीने के पानी सहित अन्य उन सभी मांगो को प्राथमिकता देते हुए कहा कि अलवर सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव जी का बड़ा स्वप्ना हे और इन सभी कार्यों को सम्पन्न करवाया जाएगा और कोशिश रहेगी कि अगला वार्षिक उत्सव इन सभी कार्यों के पूरा करने के साथ ही मनाया जाए। इन सभी कार्यक्रमों में स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# मिशन संकल्प : तस्कर की 1.15 करोड़ की संपत्ति फ्रीज, मनी लाड्रिंग की हो रही जांच

♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुर अरुण माथुर**। मादक पदार्थ तस्करी के एक आरोपी की 1.15 करोड़ की संपत्ति को कमिश्नरेट की पश्चिम पुलिस ने फ्रिज किया है। वह इन दिनों भीलवाड़ा जेल में बंद है और राज्य के कई जिलों का वांछित भी है। उसके खिलाफ मनी लाडिंग का केस सामने आने पर संबंधित विभाग को भी सूचित किया जाएगा। उसकी यहां पर दो अचल संपत्तियों को फ्रिज किया गया है जिसमें दो कृषि भूमि और एक प्लॉट पर बना आलीशान मकान है। डीसीपी बेस्ट राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि मिशन संकल्प अभियान के तहत मादक पदार्थ तस्करों को पकड़ा जा रहा है। लूणी के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर दिनेश उर्फ कालू विश्नोई के खिलाफ 11 प्रकरण दर्ज है जिनमें आठ एनडीपीएस एक्ट और कमर्शियल के प्रकरण दर्ज है। इसके खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी के तहत 1.15 करोड़ की संपत्ति को फ्रिज करवाया है। इसमें दो कृषि एवं एक प्लॉट





है और उस पर आलीशान मकान बना है। इसके अलावा बैंक एकाउंटस की जानकारी मिली है जोकि उसकी पत्नी के नाम से भी है। बैंक खातों में भी लाखों का ट्रांजेक्शन पाया गया है। उसके खिलाफ पिछले 7-8 साल में भी मुकदमें दर्ज हुए है। बैंक खातों में हुए ट्रांजेक्शन का भी पता लगाया जा रहा है। डीसीपी वेस्ट ने बताया कि पैसे कब और कहां से आया इसका पता लगाया जा रहा है, यदि मनी लॉड्रिंग का एंगल भी सामने आएगा तो संबंधित विभाग को सूचना दी जाएगी। दिनेश विश्नोई अभी भीलवाड़ा जेल में बंद है और राज्य में अलग अलग जिलों में प्रकरण दर्ज हो रखे है। आरोपी ने पूजा एंटरप्राइजेज नाम से एक कंपनी खोल रखी है। अभी तक पता चला है कि उसने पीडब्ल्यूडी के लिए 60 लाख का कार्य किया है। इसकी फर्म को ब्लैक लिस्ट करवाया जा रहा है। मिशन संकल्प के तहत पिछले डेढ़ माह में 35 प्रकरण दर्ज किए है और डेढ़ करोड़ की नशे की सामग्री को जब्त किया गया है। गत साल भी बोरानाडा में आम्स एक्ट की कार्रवाई की गई थी जिसमें भी उसे पकड़ा गया था।

# शौर्य दिवस पर पथ संचलन का आयोजन आदर्श विद्या मंदिर



♦भारत टाइम्स♦

**चोहटन/ डूंगर राठी** । नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस पर आदर्श विद्या मंदिर के तीनों विद्यालयों का भव्य पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें पारसमल सेठिया अध्यक्ष आदर्श शिक्षण समिति चौहटन, विपिन भंसाली व्यवस्थापक आदर्श छात्रावास , कमलेश शर्मा प्रधानाचार्य बालिका आदर्श विद्या मंदिर, लिखमाराम चौधरी सहायक प्रधानाचार्य उच्च माध्यमिक के द्वारा हरी झंडी दिखाकर संचलन को रवाना किया। पथ संचलन कस्बे के मुख्य मार्गो से होता हुआ आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक परिसर में संपन्न हुआ, इस संचलन के समय जगह-जगह पर ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा का स्वागत किया । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता लिखमाराम चौधरी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के बारे में जानकारी दी ।उन्होंने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी को हुआ था , इसीलिए नेताजी की याद में शौर्य दिवस पर पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राजनीतिक गुरु देशबंधु चितरंजन दास थे देशबंधु चितरंजन दास से प्रेरित होकर देश सेवा का कार्य प्रारंभ किया । देश की आजादी के लिए चलाये जाने वाले विभिन्न आंदोलनों में नेताजी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। नेताजी को जीवन में 11 बार कारावास की सजा दी गई। 1938 में कांग्रेस के हरिपुर सम्मेलन में वे कांग्रेस अध्यक्ष बने। 1941 में नजर बंद करने के बाद नेताजी पठान का भेष धारण कर देश से बाहर निकल गए ?। बाहर जाकर विभिन्न देशों के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया, जिसमें जर्मनी के शासक हिटलर का सहयोग भी मिला। रास बिहारी बोस का आजाद हिंद फौज का नेतृत्व सौंपा गया तथा मोहन सिंह को कमांडर बनाया गया । नेताजी ने लोगों को नारा दिया था कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा ।आजाद हिंद फौज ने जापान के सहयोग से ब्रह्मदेश सहित पूर्वी भारत पर कब्जा कर लिया था, लेकिन कुछ कारणों से नेताजी का रहस्य में तरीके से लापता होने के कारण आजाद हिंद फौज कमजोर हो गई। हमें नेताजी से प्रेरणा लेकर देश की एकता और अखंडता के लिए सदा तत्पर पर रहना चाहिए।

# उप प्रधानाचार्य चंदनमल का जंबूरी के लिए हुआ चयन

♦भारत टाइम्स♦

**बगड़ी नगर - महेंद्र सिंह** । भारत स्काउट गाइड के नई दिल्ली मुख्यालय के तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष में आयोजित होने वाली 7 दिवसीय डायमंड जुबली जंबूरी के लिए आचार्य श्री भिक्षु राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिरियारी के उप प्रधानाचार्य चंदनमल का चयन हुआ हैं। राष्ट्रीय मुख्यालय से जारी आदेशानुसार उन्हें 25 जनवरी को जंबूरी स्थल पर उपस्थिति देने का निर्देश दिया गया है। यह डायमंड जुबली जंबूरी 28 जनवरी से 3 फरवरी,2025 तक तमिलनाडु के त्रिचि शहर में आयोजित होने जा रही हैं । गौरतलब है कि शिक्षक चंदनमल पूर्व में कस्बे के विद्यालय में सेवाएं दे चुके है। उप प्रधानाचार्य चंदनमल के चयन पर विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता जताई है।




# ट्रंप शासन 2.0 शुरू-अमेरिका बनेगा महान-प्रथम भाषण में घोषित किया प्लान



अमेरिका को पहले से कहीं ज्यादा महान, मजबूत और कहीं ज्यादा असाधार ा होना चाहिए। डोनाल्ड ट्रंप ने आव्रजन पर अपनी आगामी कार्यकारी कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि वह दक्षि ाी सीमा पर आपातकाल की घो ाा करेंगे

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के करीब करीब हर देश में 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के स्थानीय समय अनुसार दोपहर 12 बजे वह विभिन्न देशों के स्थानीय समय के साथ-साथ भारत के स्थानीय समय रात्रि 10:30 को, हर हितधारक या रुचिधारक व्यक्ति की नजरें एकटक संचार माध्यमों जैसे टीवी मोबाइल रेडियो आदि पर लगी हुई थी,जहां डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण कर रहे थे। मैं स्वयं भी अपने मोबाइल पर देर रात्रि करीब 3 बजे तक डिबेट, समाचार, विचार सुनता रहा फिर आर्टिकल तैयार किया हूं। मैं मोबाइल पर भारत सहित विश्व की अनेकों टीवी चैनलों पर रिसर्च कर देखा तो मुझे करोड़ों लोग लाइव देखते हुए मिले किसी चैनल में हजारों तो किसी चैनल में लाखों लोग लाइव देखते हुए मिले एक अमेरिकी चैनल में 4.5 के यूजर्स का आंकड़ा भी मुझे दिखा। सबसे पहले उपराष्ट्रपति के लिए जे डी वैन्स ने शपथ ग्रहण किया उसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति की शपथ ली,फिर उन्होंने अपने पहले ही संबोधन में फैसलों की लगा दी झड़ी,दुनियाँ की नींद उड़ी, क्योंकि करीब करीब 13 से अधिक कड़े फैसले तुरंत ही लिए गए (1) अमेरिका फर्स्ट की नीति पर काम करेगी सरकार (2) मेक्सिको की खाड़ी का नाम अमेरिका की खाड़ी रखा जाएगा (3) मेक्सिको बॉर्डरपर इमरजेंसी का प्लान (4) ड्रग्स तस्करों को आतंकवादी घोषित किया (5) घुसपैठियों को रोकने के लिए सेना की मदद (6)अमेरिका में अब से थर्ड जेंडर नहीं रहेगा (7) अमेरिका में सबको बोलने की आजादी, इशारा अश्वेतों की तरफ (8) ड्रिल बेबी ड्रिल नीति का ऐलान (9) दूसरे देशों पर टैक्स व टैरिफ बढ़ाएंगे (10) अमेरिका में सैनिकों के अधिकार बढ़ाएंगे (11) 20 जनवरी 2025 अमेरिका में नई आजादी का दिन (12) दूसरे देशों की जंग में अमेरिका की सेना नहीं जाएगी (13) पनामा नहर से चीन का अवैध कब्जा हटेगा। बता दें इन फैसलों में भारत को सिर्फ नई आव्रजन नीति से फर्क पड़ सकता है, क्योंकि चैनल पर डिबेट में बताया गया की 2022 के आंकड़ों के अनुसार अमेरिका में भारतीय मूल की आबादी 6 पर्सेंट यानें 27 लाख है, जिसमें 7.25 लाख अवैध भारतीय हैं जिनमें 1100 लोगों को पिछले वर्ष सख्ती से वापस भेज दिया गया था। ट्रंप से 62 गुना अमीर एलन मस्क का जलवा भी दिखा! एक जमाना था ट्विटर ने ट्रंप का अकाउंट बंद कर दिया था,जो आगे चलकर एलन मस्क ने खरीदा व ट्विटर से नाम बदलकर एक्स रख दिया। एक अनोखी बात यह हुई कि ट्रंप अपने पहले ही भाषण में जो बाईडेन के बीते 4 वर्षों की आलोचना तक कर दी। चूंकि ट्रंप शासन 2.0 शुरू-अमेरिका बनेगा महान प्रथम भाषण में घोषित किए गए प्लान, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति बने ट्रंप, पहले भाषण में ही फैसलों की झड़ी, दुनियाँ की नींद उड़ी। साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा राष्ट्रपति की शपथ के बाद तुरंत संबोधन की करें तो, डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, अमेरिका का स्वर्ण युग अभी शुरू हो रहा है। इस दिन से हमारा देश फिर से समृद्ध होगा और पूरी दुनिया में इसका सम्मान किया जाएगा। मैं बहुत ही सरलता से अमेरिका को सबसे पहले रखूंगा। हमारी संप्रभुता को पुनः प्राप्त किया जाएगा। हमारी सुरक्षा बहाल की जाएगी। न्याय के तराजू को फिर से संतुलित किया जाएगा। जस्टिस डिपार्टमेंट और हमारी सरकार का क्रूर, हिंसक और अनुचित हथियारीकरण समाप्त हो जाएगा।डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, हमारी प्राथमिकता एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करने की होगी जो गौरवान्वित, समृद्ध और स्वतंत्र हो। अमेरिका को पहले से कहीं ज्यादा महान, मजबूत और कहीं ज्यादा असाधारण होना चाहिए। डोनाल्ड ट्रंप ने आव्रजन पर अपनी आगामी कार्यकारी कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि वह दक्षिणी सीमा पर आपातकाल की घोषणा करेंगे और अपने पहले कार्यकाल में लागू की गई कई नीतियों को फिर से लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि वह पकड़ो और छोड़ो की प्रथा को समाप्त करेंगे और मैक्सिकन ड्रग कार्टेल को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करेंगे। ट्रंप ने अपने भाषण के दौरान कहा, मैं इस विश्वास और आशा के साथ राष्ट्रपति पद पर वापस आ रहा हूं कि हम राष्ट्रीय सफलता के एक रोमांचक नए युग की शुरुआत में हैं। देश में बदलाव की लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विश्वास के संकट का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि कट्टरपंथी और भ्रष्ट प्रतिष्ठान ने कई वर्षों से देश पर कहर बरपाया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सरकार अब बुनियादी सेवाएं प्रदान नहीं कर सकती है, उन्होंने पश्चिमी उत्तरी कैरोलिना को तबाह करने वाले तूफान के विनाशकारी नतीजों की ओर इशारा किया। उन्होंने तर्क दिया कि दक्षिणी सीमा पर स्थिति नियंत्रण से बाहर है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, आज से यह सब बदल जाएगा। ट्रंप ने कहा कि उनकी हालिया जीत अमेरिकी लोगों के साथ किए गए भयानक विश्वासघात को पूरी तरह से पलटने का जनादेश है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वे लोगों को उनका विश्वास, धन, लोकतंत्र और स्वतंत्रता वापस दिला पाएंगे। उन्होंने कहा, इस क्षण से अमेरिका का पतन समाप्त हो गया है। ट्रंप ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में उन्हें इतिहास के किसी भी राष्ट्रपति की तुलना में ज्यादा परीक्षा और चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि हमारे गणतंत्र को फिर प्राप्त करने की यात्रा आसान नहीं रही है। ट्रंप ने पिछले साल पेंसिल्वेनिया के बटलर में हुई उस घटना का उदाहरण दिया जिसमें उन पर गोली चलाई गई थी और गोली उनके कान को छूते हुए निकल गई थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, मेरी जान किसी कारण से बचाई गई है। मुझे भगवान ने अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए बचाया। ट्रंप ने कहा कि वह हर जाति, धर्म, रंग और पंथ के अमेरिकियों के लिए, आशा, समृद्धि और शांति वापस लाने के लिए उद्देश्य और गति के साथ आगे बढ़ेंगे। ट्रंप ने उन राज्यों में अपनी बड़ी जीत की ओर इशारा किया, जहां मुकाबला कड़ा माना जा रहा था। ट्रंप ने कहा, अश्वेत और हिस्पैनिक समुदायों को, मैं आपके वोट के माध्यम से मुझे दिखाए गए प्यार और विश्वास के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मैंने अभियान में आपकी आवाज सुनी है और मैं आने वाले वर्षों में आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, अब अमेरिका में राष्ट्रीय एकता लौट रही है और आत्मविश्वास और गौरव पहले से कहीं ज्यादा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हम जो कुछ भी करेंगे, उसमें मेरा प्रशासन उत्कृष्टता और निरंतर सफलता की प्रबल खोज से प्रेरित होगा। हम अपने देश को नहीं भूलेंगे, अपने संविधान को नहीं भूलेंगे और अपने ईश्वर को नहीं भूलेंगे। ट्रंप ने कहा कि वह अपने कैबिनेट सदस्यों को मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने का आदेश देंगे। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल की भी घोषणा करेंगे। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि वह बाइडेन युग के इलेक्ट्रिक वाहन जनादेश को रद्द कर देंगे।आगे कहा कि वह अपने कैबिनेट सदस्यों को मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने का आदेश देंगे। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल की भी घोषणा करेंगे। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि वह बाइडेन युग के इलेक्ट्रिक वाहन जनादेश को रद्द कर देंगे। कई दशकों में ऐसा पहली बार हुआ जब ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह खुले में ना होकर अमेरिकी संसद के भीतर हुआ। राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले भाषण में ट्रंप ने कई बड़े ऐलान किए, ट्रंप ने अपने भाषण की शुरुआत में कहा, अमेरिका का स्वर्णिम दौर आज से शुरू हो गया है।उन्होंने मेक्सिको के साथ लगती अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की घोषणा की और सेना भेजने का ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि हम अवैध प्रवासियों को वहीं छोड़कर आएंगे, जहां से वो आए हैं।ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में अब सिर्फ दो जेंडर होंगे - महिला और पुरुष। लॉस एंजिल्स की आग पर ट्रंप ने कहा, हम ऐसा नहीं होने दे सकते, हमारे पास एक पब्लिक हेल्थ सिस्टम है जो आपदा के समय काम नहीं करता है, फिर भी दुनिया के किसी भी देश की तुलना में इस पर अधिक पैसा खर्च किया जाता है।



# कुम्भ में डुबकी लगाती सरकार और जनता के मुद्दे

शायद मै ही पापी हूँ जो 144 साल बाद आये महत्वपूर्ण नक्षत्रों और तिथियों वाले महाकुम्भ में डुबकी लगाने नहीं जा रहा,अन्यथा उत्तर प्रदेश की सरकार और देश के तमाम ज्वलंत मुद्दे महाकुम्भ में डुबकी लगाकर तरते दिखाई दे रहे हैं,और तो और अमेरिका में रिश्वत देने के आरोपी भी इस महाकुम्भ में डुबकी के लिए पहुँच चुके हैं। लेकिन मुझे महाकुम्भ में डुबकी न लगाने का कोई अफसोस नहीं है ,क्योंकि मैंने अभी तक जान-बूझकर कोई पाप नहीं किया और अनजाने पापों के लिए मुझे कोई आत्मग्लानि नहीं है। आपको हैरानी होगी कि इस महाकुम्भ की वजह से दिल्ली का विधानसभा चुनाव नीरस हो गया,और तो और अमेरिका के महाबली राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के सीधे प्रसारण को उतनी टीआरपी नहीं मिली जितनी महाकुम्भ में मालाएं बेचने वाली कथित मोनालिसा के विवाह को मिल चुकी है। ये महाकुम्भ का ही प्रभाव है शायद कि जीतनराम माझी के एनडीए छोड़ने की खबरों को कोई तवज्जो नहीं दे रहा। किसी को इस बात में कोई दिलचस्पी नहीं है कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का रामचरित को लेकर ज्ञान कितना सतही है ? केजरीवाल कहते हैं कि सीताहरण के लिए रावण ने स्वर्णमृग का रूप धरा था। महाकुम्भ में पुण्य लाभ की लालसा गरीब से गरीब और अमीर से अमीर आदमी में ही नहीं बल्कि सरकारों में भी है । खबर है कि उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक कुम्भ में ही हो रही है । बैठक के बाद उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सभी मंत्रियों के साथ महाकुम्भ में डुबकी लगाकर पाप विमोचित होने की कोशिश करेंगे। मै इस टोटके को कोशिश इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार के पापों की संख्या कम नहीं है। उत्तर प्रदेश की सरकार ने बुलडोजरों और फर्जी मुठभेड़ों के जरिये कितने पाप किये हैं ,ये गिनाने की जरूरत नहीं है। हमारे मध्यप्रदेश की सरकार भी उज्जयनी में जब सिंहस्थ होता है तब ऐसा ही टोटका करती है। ऐसा करने में सरकार के बाप का क्या जाता है ? पानी में तो जाती है जनता की गाढ़ी कमाई से मिला पैसा। महाकुम्भ में पुलिस पिछले दिनों हुए अग्निकांड के पीछे साजिश की तलाश कर रही है तो अमेरिका की पुलिस के लिए वांछित भारत के नंबर दो के धनकुबेर माननीय गौतम अडानी साहब हाथ में कड़छी लिए महाकुम्भ में प्रकट हो चुके हैं। वे महाप्रसाद बनाने में सहयोग कर रहे हैं । महापाप के बाद महाप्रसाद बनाना कितना कौतूहल पैदा करता है ? अडानी साहब सपरिवार महाकुम्भ में गए हैं। उन्हें वहां मीलों पैदल थोड़े ही चलना पड़ा है । वे उसी इस्कॉन के शिविर में हैं जिसके खारघर मुंबई में बने मंदिर का लोकार्पण हाल ही में माननीय प्रधानमंत्री जी ने किया है।अडानी का इस्कॉन से जितना गहरा रिश्ता है उतना ही उत्तर प्रदेश की सरकार से भी है। अगले महीने उनके बेटे की शादी है इसलिए वे महाकुम्भ में इस्कॉन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। महाकुम्भ में भारत के ए -1 मुकेश अम्बानी भी आते लेकिन उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प साहब ने अपने शपथ ग्रहण समारोह में बुला लिया। मुकेश भाई महाकुम्भ से जायदा महत्वपूर्ण महाशपथ को मानते थे ,इसलिए वे पहले अमेरिका गए ,मुमकिन है कि बाद में प्रयागराज भी जाएँ,क्योंकि पाप विमोचित होने की इच्छा तो उनकी भी होगी ही। हो सकता है कि वे मोच्छ की कामना लेकर कुम्भ में जाएँ भी या न भी जाए। क्योंकि यदि वे सगुणोपासक हुए तो मोच्छ लेकर क्या करेंगे,उन्हें तो हरि भक्ति की लालसा होगी। । ये तो गनीमत है कि इस महाकुम्भ में भक्तों को उस तरह मुफ्त में भर-भरकर देश भर से प्रयागराज नहीं ले जाया जा रहा ,,जैसे कि अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने के लिए ले जाया गया था। तब डबल इंजिन की सरकारों ने अपने खजाने खोल दिए थे । भाजपा और संघ के कार्यकर्ता इस काम के लिए खासतौर पर तैनात किये गए थे। सरकार को पता है कि महाकुम्भ में तो जनता अपने - आप पहुँच जाती है। अयोध्या में घेरकर ले जाना पड़ती है। और मुफ्त में दर्शन करने के बाद अयोध्या में जीत मिली थी समाजवादी पार्टी को। बहरहाल कुम्भ में अभी केंद्र सरकार का और पापी कांग्रेस के नेताओं का डुबकी लगना बाकी है। महाकुम्भ में डुबकी लगाए बिना न भाजपा के पाप धुलने वाले हैं और न कांग्रेस के। बाकी राजनीतिक दलों के बारे में ,मै कुछ कहना नहीं चाहता। अभी महाकुम्भ में तीन सप्ताह और बाकी हैं। जिसके मन में ग्लानि हो,पाप विमोचन का सपना हो ,वो प्रयागराज जा सकता है। जो नहीं जा पा रहा वो अपने स्नानागार में ही गंगाजल मिले जल से स्नान कर पाप विमोचित हो सकता है ,ऐसा जगद्गुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानद ने कहा है मैंने तय किया है कि मै सपत्नीक प्रयागराज महाकुम्भ के बाद जाऊंगा तब तक गंगा मैया भी साफ-सुथरी हो चुकी होंगीं।



# संपादकीय

## गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के लिए बंद रहेंगे ये रास्ते, यहां लग सकता है जाम...

दिल्ली में 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस परेड की तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। दिल्ली पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर लोगों को आगाह करते हुए कहा है कि गणतंत्र दिवस परेड के फुल ड्रेस रिहर्सल के कारण गुरुवार को शहर के मध्य भाग में वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो सकती है। दिल्ली पुलिस ने लोगों से अपनी यात्रा योजना उसी के अनुसार बनाने के लिये कहा है। एडवाइजरी में कहा गया है कि गुरुवार को आयोजित फुल ड्रेस रिहर्सल और गणतंत्र दिवस परेड का रूट एक ही होगा। परेड रिहर्सल सुबह 10.30 बजे विजय चौक से शुरू होगी और कर्तव्यपथ, सी-हेक्सागन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोल चक्कर, तिलक मार्ग, बहादुर शाह जफर मार्ग और नेताजी सुभाष मार्ग से होते हुए लाल किला पहुंचेगी। इसमें कहा गया है कि परेड के सुचारू संचालन के लिए मार्ग पर विस्तृत यातायात प्रतिबंधों को लागू किया जायेगा। परेड के मार्ग की ओर जाने वाली कुछ सड़कों पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित ट्रैफिक एडवाइजरी में कहा गया है कि परेड के मार्ग की ओर जाने वाली कुछ सड़कों पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। इसमें कहा गया है कि बुधवार शाम 6 बजे से गुरुवार को रिहर्सल खत्म होने तक विजय चौक से इंडिया गेट तक कर्तव्य पथ पर किसी भी तरह के यातायात की अनुमति नहीं होगी। क्या आपके पास भी है रिपब्लिक डे टिकट? समारोह में भूलकर भी न ले जाएं ये सामान, देखिए बैन आइटम्स की लिस्ट एडवाइजरी में कहा गया है कि गुरुवार सुबह 9.15 बजे से परेड के तिलक मार्ग को पार करने तक सी-हेक्सागन -इंडिया गेट यातायात के लिए बंद रहेगा। गुरुवार सुबह 10.30 बजे से तिलक मार्ग, बहादुर शाह जफर मार्ग और नेताजी सुभाष मार्ग पर दोनों तरफ से यातायात की अनुमति नहीं होगी। इसमें कहा गया है कि लोगों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा योजना यातायात प्रतिबंधों के अनुसार बनाएं और सुबह 9.30 बजे से दोपहर एक बजे तक परेड मार्ग से बचें। ड्रेस रिहर्सल के दौरान सभी मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों के लिए ट्रेन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। हालांकि, उत्तरी दिल्ली से नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन या पुरानी दिल्ली की ओर जाने वाले लोगों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं होगा, लेकिन उन्हें सलाह दी गई है कि वे संभावित देरी से बचने के लिए अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त समय ले कर चलें। पढ़ें देशभर के मौसम का हाल दिल्ली पुलिस की ट्रैफिक एडवाइजरी के अनुसार, सिटी बसों की आवाजाही भी प्रभावित होगी और उनकी सेवाएं पार्क स्ट्रीट/उद्यान मार्ग, आराम बाग रोड (पहाड़गंज), कमला मार्केट गोल चक्कर, दिल्ली सचिवालय (आईजी स्टेडियम), प्रगति मैदान (भैरों रोड), हनुमान मंदिर (यमुना बाजार), मोरी गेट, आईएसबीटी-कश्मीरी गेट, आईएसबीटी-सराय काले खां और तीस हजारी अदालत पर समाप्त हो जाएंगी। गाजियाबाद से शिवाजी स्टेडियम तक जाने वाली बसें नेशनल हाइवे-24, रिंग रोड से होकर भैरों रोड पर खत्म होंगी। एडवाइजरी में कहा गया है कि नेशनल हाइवे-24 से आने वाली बसें रोड नंबर 56 पर दाहिनी ओर मुड़ेंगी और आईएसबीटी-आनंद विहार पर समाप्त होंगी। गाजियाबाद की ओर से आने वाली बसों को मोहन नगर से भोपरा चुंगी की ओर वजीराबाद ब्रिज के लिए मोड़ दिया जाएगा।

# आस्था...

## भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए रोज करें इस स्त्रोत का पाठ, धन- समृद्धि की होगी प्राप्ति

हिंदू धर्म में प्रमुखता से भगवान शिव की आ?धना की जाती है। क्योंकि मान्यता है कि भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं और शिव की प्रसन्नता से शनिदेव खुश होकर संबंधित व्यक्ति को अनुकूल फल प्रदान करते हैं। वहीं भगवान शिव की पूजा से शनि देव भी प्रसन्न होते हैं क्योंकि शनि देव भगवान शिव के शिष्य हैं। वहीं यहां हम आपको ऐसे स्त्रोत के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसका रोज पाठ करने से आपको धन-समृद्धि की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही शत्रुओं पर आप विजय पा सकते हैंङ्ग आइए जानते हैं इस स्त्रोत के बारे में धनवान लोगों के हाथ में होता है हंस योग, व्यक्ति खूब कमाता है नाम, मिलती है अपार धन- दौलत पाशुपतास्त्र स्तोत्र ॐ नमो भगवते महापाशुपतायातुलबलवीर्यपराक्रमाय त्रिपन्चनयनाय नानारुपाय नानाप्रहरणोद्यताय सर्वांगडरक्ताय भिन्नांजनचयप्रख्याय श्मशान वेतालप्रियाय सर्वविघ्ननिकृन्तन रताय सर्वसिध्दिप्रदाय भक्तानुकम्पिने असंख्यवक्त्रभुजपादाय तस्मिन्-सिध्दाय वेतालवित्रासिने शाकिनीक्षोभ जनकाय व्याधिनिग्रहकारिणे पापभन्जनाय सूर्यसोमाग्नित्राय विष्णु कवचाय खडगवज्रहस्ताय यमदण्डवरुणपाशाय रूद्रशूलाय ज्वलज्जिह्वाय सर्वरोगविद्रावणाय ग्रहनिग्रहकारिणे दुष्टनागक्षय कारिणे । 8 दिन बाद बनेगा मालव्य राजयोग, इन राशियों का चमकेगा भाग्य, धन- सपत्ति में होगी अपार बढ़ोतरी ॐ कृष्णपिंगलाय फट । हूंकारास्त्राय फट । वज्र हस्ताय फट । शक्तये फट । दण्डाय फट । यमाय फट । खडगाय फट । नैर्ऋताय फट । वरुणाय फट । वज्राय फट । पाशाय फट । ध्वजाय फट । अंकुशाय फट । गदायै फट । कुबेराय फट । त्रिशूलाय फट । मुदगराय फट । चक्राय फट । पद्माय फट । नागास्त्राय फट । ईशानाय फट । खेटकास्त्राय फट । मुण्डाय फट । मुण्डास्त्राय फट । काड्कालास्त्राय फट । पिच्छिकास्त्राय फट । क्षुरिकास्त्राय फट । ब्रह्मास्त्राय फट । शक्त्यस्त्राय फट । गणास्त्राय फट । सिध्दास्त्राय फट । पिलिपिच्छास्त्राय फट । गंधर्वास्त्राय फट । पूर्वास्त्रायै फट । दक्षिणास्त्राय फट । वामास्त्राय फट । पश्चिमास्त्राय फट । मंत्र-ास्त्राय फट । शाकिन्यास्त्राय फट । योगिन्यस्त्राय फट । दण्डास्त्राय फट । महादण्डास्त्राय फट । नमोअस्त्राय फट । शिवास्त्राय फट । ईशानास्त्राय फट । पुरुषास्त्राय फट । अघोरास्त्राय फट । सद्योजातास्त्राय फट । हृदयास्त्राय फट । महास्त्राय फट । गरुडास्त्राय फट । राक्षसास्त्राय फट । दानवास्त्राय फट । क्षौ नरसिन्हास्त्राय फट ।

# आज का राशिफल

### मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

**मेष:** खुशी से भरा अच्छा दिन है। जिन व्यापारियों के संबंध विदेशों से हैं उन्हें आज धन हानि होने की संभावना है इसलिए आज के दिन सोच समझकर चलें। आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं। आज आपके दिल की धड़कनें अपने प्रिय के साथ ताल-से-ताल मिलाती मालूम होंगी। जी हाँ, यह प्यार का ही खुमार है। योग्य कर्मियों को पदोन्नति या आर्थिक मुनाफा हो सकता है। इस राशि वालों को आज खुद के लिए काफी समय मिलेगा। इस समय का उपयोग आप अपने शोकों को पूरा करने में कर सकते हैं।

### वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।

**वृषभ:** आज शान्त और तनाव-रहित रहें। धन का आगमन आज आपको कई आर्थिक परेशानियों से दूर कर सकता है। जो लोग आपके लिए सबसे ज्यादा अहमियत रखते हैं, उन्हें अपनी बात समझाने में आप खासी दिक़्क़त महसूस करेंगे। प्रेम हमेशा आत्मीय होता है और यही बात आप आज अनुभव करेंगे। खुद को अभिव्यक्त करने के लिए अच्छा समय है- और ऐसे प्रोजेक्ट पर काम कीजिए, जो रचनात्मक हों। साफ़गोई से अपने मन की बात कहने में घबराएँ नहीं। शादी के बाद वैवाहिक जीवन में प्यार सुनने में मुश्किल जरूर लगता है, लेकिन आप आज महसूस करेंगे कि यह मुमकिन है।

### मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।

**मिथुन:** अपनी शारीरिक सेहत सुधारने के लिए संतुलित आहर लें जो लोग काफी वक्त से आर्थिक तंगी से गुजर रहे थे उन्हें आज कहीं से धन प्राप्त हो सकता है जिससे जीवन की कई परेशानियां दूर हो जाएंगी। आपकी स्वच्छन्द जीवनशैली घर में तनाव पैदा कर सकती है, इसलिए देर रात तक बाहर रहने और ज्यादा खर्च करने से बचें। आपके जीवन-साथी के पारिवारिक सदस्यों की वजह से आपका दिन थोड़ा परेशानीभरा हो सकता है। भागीदार आपकी योजनाओं और व्यावसायिक खयालों के प्रति उत्साही होंगे।

### कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।

**कर्क:** विश्वास कीजिए कि खुद पर यक़ीन ही बहादुरी की असली परख है, क्योंकि इसी के बल पर आप लम्बे वक़्त से चली आ रही बीमारी से निजात पा सकते हैं। आज आपके ऑफिस का कोई सहकर्मी आपकी कीमती वस्तु चुरा सकता है इसलिए आज आपको अपना सामान ध्यान से रखने की जरुरत है। अपने परिवार को पर्याप्त समय दें। उन्हें महसूस होने दें कि आप उनका खयाल रखते हैं। उनके साथ अच्छा वक़्त बिताएँ और शिकायत करने का मौका न दें। आज अपने प्रिय को माफ करना न भूलें। दफ़्तर में आपका सहयोगी रवैया इच्छित परिणाम लाएगा।

### सिहं: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।

**सिंह:** जीवन-साथी की सेहत को ठीक तरह से ध्यान दिए जाने और देखभाल की जरूरत है। नया आर्थिक करार अंतिम रूप लेगा और धन आपकी तरफ आएगा। गलत बातों को गलत वक़्त पर कहने से बचें। जिन्हें आप चाहते हैं, उनका दिल दुखाने से बचें। यह दिन प्रसन्नता और जिन्दादिली के साथ किसी खास संदेश को भी देगा । कार्यक्षेत्र में प्रगतिशील और बड़े बदलाव करने में सहकर्मी आपका पूरा सहयोग करेंगे। आपको भी तेजी से कदम उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए। मातहतों को कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित करना सकारात्मक परिणाम देगा।

### कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

**कन्या:** आज आपका स्वास्थ्य दुरुस्त रहने की पूरी उम्मीद है। अपने अच्छे स्वास्थ्य के चलते आज आप अपने दोस्तों के साथ खेलने का प्लान बना सकते हैं। आज आप अच्छा पैसा कमाएंगे- लेकिन खर्च में इजाफा आपके लिए बचत को और ज्यादा मुश्किल बना देगा। एक बेहतरीन शाम के लिए रिश्तेदार/दोस्त घर आ सकते हैं। रोमांचक दिन है, क्योंकि आपके प्रिय का फोन आएगा। लघु व्यवसाय करने वाले इस राशि के जातकों को आज घाटा हो सकता है। हालांकि आपको घबराने की जरुरत नहीं है अगर आपकी मेहनत सही दिशा में है तो आपको अच्छे फल अवश्य मिलेंगे।

### तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।

**तुला:** आस-पास के लोगों का सहयोग आपको सुखद अनुभूति देगा। इस राशि के विवाहित जातकों को आज ससुराल पक्ष से धन लाभ होने की संभावना है। पड़ोसियों से झगड़ा आपका मूड खराब कर सकता है। लेकिन अपना आपा न खोएँ, इससे सिर्फ आग और भड़केगी। अगर आप सहयोग न करें, तो कोई आपसे नहीं झगड़ सकता है। सबसे अच्छा रिश्ता बनाए रखने की कोशिश करें। अपनी दीवानगी को काबू में रखें, नहीं तो यह आपके प्रेम-संबंध को मुश्किल में डाल सकती है। सहकर्मियों और वरिष्ठों के पूरे सहयोग के चलते दफ़्तर में काम तेज रफ़्तार पकड़ लेगा।

### वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।

**वृश्चिक:** अपने आहार पर नियंत्रण रखें और चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। आप अच्छा पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप पारंपरिक तौर पर निवेश करें। कुछ समय आप अपने शौक और अपने परिवार वालों की मदद में भी खर्च कर सकते हैं। याद रखिए कि आँखें कभी झूठ नहीं बोलतीं। आज आपके प्रिय की आँखें आपको वाकई कुछ खास बताएंगी। आपका वर्चस्ववादी स्वभाव आलोचना की वजह बन सकता है। वक़ील के पास जाकर कानूनी सलाह लेने के लिए अच्छा दिन है। यह आपके पूरे वैवाहिक जीवन के सबसे ज्यादा स्नेहपूर्ण दिनों में से एक हो सकता है।

### धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।

**धनु:** गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत अच्छा दिन नहीं है। चलते-फिरते समय खासा खयाल रखने की जरूरत है। आज धन आपके हाथ में नहीं टिकेगा, आपको धन संचय करने में आज बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। बच्चे आपको घरेलू काम-काज निबटाने में मदद करेंगे। मुहब्बत के मोर्चे पर आज आपकी तूती बोलेगी, क्योंकि आपका महबूब आपकी रसिक कल्पनाओं को अमली जामा पहनाने के लिए तैयार है। व्यवसाय में किसी धोखेबाजी से बकने के लिए अपने आँख-कान खुले रखें। इस राशि के जातक आज के दिन अपने भाई-बहनों के साथ घर पर कोई मूवी या मैच देख सकते हैं।

### मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।

**मकर:** शाम के समय थोड़ा आराम कीजिए। आप खुद को नए रोमांचक हालात में पाएंगे- जो आपको आर्थिक फायदा पहुँचाएंगे। आपको अपना बाक़ी वक़्त बच्चों के संग गुजारना चाहिए, चाहे इसके लिए आपको कुछ खास ही क्यों न करना पड़े। आपका रुमानी संबंध आज थोड़ी परेशानी में पड़ सकता है। कामकाज के मामलों को सुलझाने के लिए अपनी होशियारी और प्रभाव का इस्तेमाल करें। कर्म-काण्ड/हवन/पूजा-पाठ आदि का आयोजन घर मे होगा। जीवनसाथी के खराब व्यवहार का नकारात्मक असर आपके ऊपर पड़ सकता है।

### कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।

**कुंभ:** आज आपको आराम करने और करीबी दोस्तों व परिवार के साथ खुशी के कुछ पल बिताने की जरूरत है। ग्रह नक्षत्रों की चाल आपके लिए आज अच्छी नहीं है, आज के दिन आपको अपने धन को बहुत सुरक्षित रखना चाहिए। परिवार के सदस्यों के साथ कुछ आराम के पल बिताएँ। अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है। आज कार्यक्षेत्र में आपके किसी पुराने काम की तारीफ हो सकती है। आपके काम को देखते हुए आज आपकी तरक्की भी संभव है। कारोबारी आज अनुभवी लोगों से करोबार को आगे बढ़ाने की सलाह ले सकते हैं।

### मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।

**मीन:** अपने जीवन को चिर-स्थायी न मानें और जीवन के प्रति सजगता को अपनाएँ। जिन व्यापारियों के संबंध विदेशों से हैं उन्हें आज धन हानि होने की संभावना है इसलिए आज के दिन सोच समझकर चलें। जिन लोगों से आपकी मुलाकात कभी-कभी ही होती है, उनसे बातचीत और संपर्क करने के लिए अच्छा दिन है। प्रेमी एक-दूसरे की पारिवारिक भावनाओं को समझेंगे। पेशेवर तौर पर अपने अच्छे काम की पहचान आपको मिल सकती है। घर में पड़ी कोई पुरानी वस्तु आज आपको मिल सकती है जिससे आपको अपने बचपन के दिनों की याद सता सकती है।



# 1000 करोड़ छापने के बाद फिर साथ आ रहे प्रभास-दीपिका



साल 2024 की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म चङ्घद्यद्मद्ब 2898ऋ ष्ठ ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धुआं उठाया. फिल्म ने 1000 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया था. नाग अश्विन की इस फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण के अलावा अमिताभ बच्चन ने भी काम किया था. जिनके रोल की सबसे ज्यादा तारीफ की गई है. तब से ही फिल्म के सीक्वल को लेकर चर्चा चल रही है. अब इस पर बड़ा अपडेट आ गया है. क्या मैटरनिटी लीव के बाद 'कल्कि 2' का शूट शुरू करेंगी दीपिका पादुकोण?फिल्म के पहले पार्ट में तीन अलग-अलग दुनिया की कहानी दिखाई गई है.लेकिन विलेन का काफी कम रोल था. ऐसा कहा गया कि सेकंड पार्ट में विलेन बने कमल हासन का खतरनाक रूप देखने को मिलेगा. अब इस पर बड़ी जानकारी सामने आ गई है. दरअसल फिल्म का शूट इसी साल शुरू होने वाला है.हाल ही में पिंकविला पर एक रिपोर्ट छपी. इससे पता लगा कि 'कल्कि 2898 एडी' के पार्ट 2 की शूटिंग इसी साल जून से शुरू हो सकती है. दरअसल इस वक्त प्रभास अपने अपकमिंग फिल्मों की शूटिंग में बिजी हैं. उनके खाते में पहले से ही कई फिल्में हैं. इस समय वो फौजी पर काम कर रहे हैं, उसके बाद संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट का शूट होगा. ऐसे में क्या सच में जून में कल्कि के पार्ट 2 की शूटिंग हो पाएगी? यह जानने के लिए मेकर्स के ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार करना है. लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक, जून में ऐसा हो रहा है.हाल ही में फिल्म के प्रोड्यूसर अश्विनी दत्त ने बताया था कि कल्कि के सीक्वल में जिन तीन एक्टर्स के कैरेक्टर्स पर फोकस रहेगा।





# प्रियंका चोपड़ा ने राम चरण की पत्नी को धन्यवाद दिया

बॉलीवुड की स्टार हीरोइन प्रियंका चोपड़ा ने प्रसिद्ध चिलुकुरी बालाजी मंदिर में दर्शन किए। इस मौके पर उन्होंने मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। प्रियंका ने इससे जुड़ी तस्वीरें अपने इंस्टा पर शेयर कीं। श्री बालाजी का एक नया अध्याय शुरू हो गया है.. उन्होंने लिखा कि वह चाहती हैं कि हम सभी उस भगवान की कृपा से खुश रहें। इसके अलावा उन्होंने राम चरण की पत्नी को उपासना को धन्यवाद दिया। हालांकि, अमेरिकी सिंगर निक जोनास से शादी करने वाली प्रियंका चोपड़ा लॉस एंजिल्स में बस गई हैं। इस जोड़े की एक बेटी भी है जिसका नाम मालती मैरी है। हालांकि, प्रियंका चोपड़ा हाल ही में हैदराबाद चली गई हैं। इसके साथ ही फैन्स इस बात की चर्चा कर रहे हैं कि क्या प्रियंका चोपड़ा किसी क्रेजी टॉलीवुड प्रोजेक्ट में काम करेंगी। चर्चा है कि प्रियंका राजामौली द्वारा निर्देशित आगामी फिल्म के लिए हैदराबाद आई हैं, जिसमें महेश बाबू हीरो हैं चूंकि प्रियंका चोपड़ा लॉस एंजिल्स से हैदराबाद पहुंच चुकी हैं, इसलिए चर्चा है कि वह इसी फिल्म की शूटिंग के लिए आई हैं।

# रवीना की बेटी और अजय के भांजे का डेब्यू रहा फीका

अजय देवगन के भांजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने फिल्म 'आजाद' से डेब्यू किया है. फिल्म के आने के पहले राशा की हर तरफ तारीफ हो रही थी. फिल्म का ट्रेलर भी काफी प्रोमेसिंग लग रहा था, हालांकि, फिल्म के रिलीज के बाद लोगों के फिल्म ज्यादा पसंद नहीं आई. जहां अजय देवगन और रवीना टंडन दोनों की ही डेब्यू फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर गदर काटा था, वहीं अमन और राशा की फिल्म को काफी स्ट्रगर करना पड़ रहा है.17 जनवरी 2025 को रिलीज हुई फिल्म में अजय देवगन खुद महत्वपूर्ण रोल में नजर आए थे, लेकिन उनका ये खास रोल भी लोगों को थिएटर में खींचने में कामयाब नहीं हो सका, यानी अजय देवगन का स्टारडम भी फिल्म को उठाने में कामयाबी हासिल नहीं कर पाया. ओपनिंग डे पर आजाद महज 1.5 करोड़ का कलेक्शन कर पाई. दोनों स्टार किड्स की डेब्यू फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप की ओर बढ़ रही है. आखिर क्या है इसका कारण, आइए समझने की कोशिश करते हैं. फिल्म 'आजाद' का कॉम्पिटिशन कंगना रनौत की मच अवेटिड पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म 'इमरजेंसी' से था. इमरजेंसी का ना सिर्फ लोग काफी वक्त से इंतजार कर रहे थे, बल्कि कंगना को इंदिरा गांधी के रूप में देखना भी लोगों के लिए नई बात थी।



# साउथ सुपरस्टार नागार्जुन के बेटे अखिल अक्किनेनी 24 मार्च को करेंगे शादी





साउथ सुपरस्टार नागार्जुन के छोटे बेटे अखिल अक्किनेनी और कलाकार ज़ैनब रावजी इस साल मार्च में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इस जोड़े ने अखिल के भाई नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला की शादी से कुछ हफ्ते पहले नवंबर 2024 में अपनी सगाई की घोषणा की थी। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के अनुसार, अखिल और ज़ैनब 24 मार्च को एक अंतरंग समारोह में शादी के बंधन में बंधेंगे, जिसमें उनके दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल होंगे। कथित तौर पर, अखिल ने अपनी शादी के लिए हैदराबाद में पैतृक अन्नपूर्णा स्टूडियो को चुना है, वही प्रतिष्ठित स्थान जहाँ नागा चैतन्य और शोभिता ने 4 दिसंबर, 2024 को शादी की थी। हालाँकि, ऐसी भी अटकलें हैं कि यह जोड़ा डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए जा सकता है। जोड़े के परिवारों द्वारा अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। जब अखिल और ज़ैनब ने अपनी सगाई की घोषणा की थी, तो उन्हें उनके बीच उम्र के अंतर और अलग-अलग धर्मों से संबंधित होने के कारण लोगों ने नफ़रत का सामना करना पड़ा था। दरअसल, सगाई की घोषणा करने के कुछ घंटों बाद ही अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर अपनी टिप्पणियाँ बंद कर दीं। अखिल ने नफरत भरे संदेशों का जवाब नहीं दिया, लेकिन उन्होंने सगाई की पोस्ट के नीचे टिप्पणी अनुभाग को निष्क्रिय कर दिया, ताकि जल्द ही शादी करने वाले जोड़े को मिलने वाली नफरत की बौछार से बचा जा सके। नागार्जुन ने भी सोशल मीडिया पर एक भावपूर्ण पोस्ट के साथ ज़ैनब का अपने परिवार में स्वागत किया था। एक्स पर अखिल और ज़ैनब की एक तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, हमें अपने बेटे @AkhilAkkineni} की सगाई हमारी होने वाली बहू ज़ैनब रावजी से करने की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है! ज़ैनब का हमारे परिवार में स्वागत करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है।

# कोल्डप्ले कॉन्सर्ट में तमाम स्टारकिड्स ने किया एंजॉय किया, फोटोज हुईं वायरल

इंटरनेशनल बैंड कोल्डप्ले का कॉन्सर्ट मुंबई में हो रहा है. 18 और 19 जनवरी के बाद आज यानी 21 जनवरी को ये कॉन्सर्ट होने वाला है. इस कॉन्सर्ट को तमाम सेलिब्रिटीज ने एंजॉय किया और इसके फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर दिखाए हैं. अब सुहाना खान की कजिन आलिया छिब्बा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें कोल्डप्ले कॉन्सर्ट में मस्ती करती नजर आ रही हैं. वहीं, इन तस्वीरों में सुहाना खान के कथित बॉयफ्रेंड अगस्त्य नंदा (ऋद्दद्दह्यह्ल4ड्ड ह्दड्डठ्ठस्रड्ड) नजर आ रहे हैं. आलिया छिब्बा ने जो तस्वीरें शेयर की हैं वो तेजी से वायरल हो रही हैं और इस पर रिएक्शन आ रहे हैं. वहीं, इन लोगों के साथ आर्यन खान (ह्4ड्ढठ्ठ'चद्धड्डठ्ठ) की कथित गर्लफ्रेंड लैरिसा बोन्सी भी नजर आई.मुंबई में कोल्डप्ले कॉन्सर्ट में तमाम स्टारकिड्स ने एंजॉय किया. इन स्टार्स की तस्वीरें बता रही हैं कि उन्होंने इस दौरान जमकर मस्ती की है. कोल्डप्ले कॉन्सर्ट से जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें सुहाना खान, अगस्त्य नंदा, लैरिसा बोन्सी नजर आ रहे हैं. हालांकि, ये लोग एक साथ नजर नहीं आए. इन तस्वीरों के सोशल मीडिया पर वायरल होते ही फैंस इन्हें पसंद करने के साथ ही कमेंट भी कर रहे हैं. गौरतलब है कि सुहाना खान और अगस्त्य नंदा को लेकर कहा जाता है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं. हालांकि, दोनों ने इसको लेकर कभी कोई रिएक्शन नहीं दिया है. वहीं, आर्यन खान और लैरिसा बोन्सी का भी अक्सर आपस में नाम जोड़ा जाता है.बताते चलें कि शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने एक साथ एक्टिंग डेब्यू किया था. ये दोनों साल 2023 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म %द आर्चीज% में नजर आए थे. इस फिल्म को डायरेक्टर जोया अख्तर ने बनाया था. इस फिल्म से बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर ने भी डेब्यू किया था।











# ये हैं बॉलीवुड के सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे एक्टर-एक्ट्रेस



फिल्म इंडस्ट्री में काम करने का सपना अधिकतर लोगों का होता है. इसी सपने को पूरा करने के लिए कई लोग अपनी स्ट्रीम छोड़कर फिल्मी दुनिया में आ जाते हैं. आज इस स्टोरी में हम ऐसे ही बॉलीवुड एक्टर/एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं, जो खूब पढ़े-लिखे हैं. आइए आज ऐसे 10 एक्टर/एक्ट्रेस की डिग्री के बारे में जानते हैं.सदी के महानायक अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के सबसे पॉपुलर एक्टर में से एक हैं. इन्होंने 1962 में किरोड़ीमल कॉलेज से स्नातक किया है, जो दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध है.फेमस एक्ट्रेस विद्या बालन ने सेंट जेवियर्स कॉलेज से समाजशास्त्र में स्नातक की डिग्री और मुंबई विश्वविद्यालय से मास्टर पूरा की हैं.

शाहरुख खान पढ़ने में टॉपर थें. शाहरुख ने दिल्ली के हंसराज कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई की और फिर जामिया मिलिया इस्लामिया से मास कम्युनिकेशन में मास्टर्स की.आयुष्मान खुराना ने पंजाब विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन स्टडीज से मास कम्युनिकेशन में मास्टर्स की डिग्री हासिल की है. रणदीप हुड्डा ने कॉमर्स की पढ़ाई की और मार्केटिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की. रणदीप ने ऑस्ट्रेलिया से एमबीए एचआर पूरा किया हैं.एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा के पास इंग्लैंड के मैनचेस्टर बिजनेस स्कूल से बिजनेस, फाइनेंस और इकोनॉमिक्स में ट्रिपल ऑनर्स की डिग्री है.आपको ये जानकर हैरानी होगी कि तापसी पन्नू ने कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री हासिल की है. तापसी एक सॉफ्टवेयर डेवलपर के तौर पर भी काम कर चुकी हैं.सारा अली खान विदेश में पढ़ी-लिखी हैं. सारा ने कोलंबिया विश्वविद्यालय से इतिहास और राजनीति विज्ञान में डिग्री हासिल की है. जॉन अब्राहम ने स्नातक के बाद एमईटी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट से मास्टर और उसके बाद एमबीए भी किया है.सैफ अली खान की बहन और एक्ट्रेस सोहा अली खान ने बैलिओल कॉलेज, ऑक्सफोर्ड से आधुनिक इतिहास में स्नातक की डिग्री हासिल की और फिर लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस से इंटरनेशनल रिलेशन्स में मास्टर्स की।





# टाटा टेक्नोलॉजीज इनोवेंट २०२४ के विजेता घोषित

## भारत भर के सभी फाइनलिस्ट को करियर के अवसर प्रदान किए

♦भारत टाइम्स♦

**मुंबई।** टाटा टेक्नोलॉजीज, एक वैश्विक उत्पाद इंजीनियरिंग और डिजिटल सेवाओं की कंपनी, ने टाटा टेक्नोलॉजीज इनोवेंट हैकाथॉन के दूसरे संस्करण के सफल समापन की घोषणा की। जेनरेटिव एआई पर केंद्रित इस हैकाथॉन का आयोजन माइक्रोसॉफ्ट और टाटा मोटर्स के सहयोग से किया गया। इसका उद्देश्य भारत भर के युवा इंजीनियरिंग छात्रों को एक ऐसा मंच प्रदान करना था, जहां वे विनिर्माण क्षेत्र की वास्तविक चुनौतियों का समाधान पेश कर सकें। यह पहल, शैक्षणिक समुदाय के साथ कंपनी की भागीदारी में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो पूरे भारत में युवा इंजीनियरिंग प्रतिभाओं के बीच इनोवेशन और रचनात्मकता को



प्रोत्साहित करती है और युवाओं को बेहतर करियर बनाने में मदद करती है। शीर्ष दस टीमों ने पुणे के हिंजवडी में टाटा टेक्नोलॉजीज के मुख्यालय में डेमो डे में भाग लिया, जहाँ उन्होंने अपने अभिनव प्रोटोटाइप प्रस्तुत किए और दर्शकों को प्रभावित किया। अंतिम मूल्यांकन एक प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा किया गया जिसमें टाटा टेक्नोलॉजीज के सीईओ और एमडी श्री वारेन हैरिस, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी श्री स्वेन पटुश्का, माइक्रोसॉफ्ट के कार्यकारी निदेशक - विनिर्माण और समूह श्री प्रवीण पंचाग्नुला और सीओईपी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, पुणे के कुलपति प्रोफेसर सुनील भिरुद शामिल थे। जूरी का मार्गदर्शन टाटा संस के ग्रुप इनोवेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री रवि अरोड़ा ने किया। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, मोहाली की विजेता टीम, कोडजेफायर को इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के लिए उनके सतत सामग्री एकीकरण के लिए 300,000 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पटियाला के थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के स्पेनगिट कोडर को कार में सुरक्षित अनुभव के लिए उनके एआई-संचालित शोर रद्दीकरण के लिए 100,000 रुपये का नकद पुरस्कार मिला और उन्होंने दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया। श्री कृष्णा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर के प्लूटो को अगली पीढ़ी के जनरेटिव एआई द्वारा इंटरैक्टिव ग्राहक सहायता के लिए 50,000 रुपये का तीसरा पुरस्कार दिया गया। ऑटोमोटिव मैन्युफैक्चरिंग के लिए एआई-संचालित दोष विश्लेषण के लिए मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर के हैक्सएस को एक विशेष जूरी मान्यता प्रदान की गई। उनकी प्रतिभा और नवाचार को मान्यता देते हुए, टाटा टेक्नोलॉजीज ने शीर्ष 10 टीमों में से 39 सदस्यों को इंजीनियरिंग पूरी करने के बाद कंपनी के साथ अपना कैरियर शुरू करने का अवसर प्रदान किया, साथ ही उन्हें अपनी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए सशुल्क इंटर्नशिप का अवसर भी दिया। श्री वॉरेन हैरिस, सीईओ-एमडी, टाटा टेक्नोलॉजीज ने कहा,"टाटा टेक्नोलॉजीज का "इंजीनियरिंगएबेटरवर्ल्ड" विजन हमारे पूरे इकोसिस्टम, जिसमें शैक्षणिक समुदाय भी शामिल है, के साथ सहयोग करते हुए स्मार्ट और स्थायी ई-मोबिलिटी समाधान विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। माइक्रोसॉफ्ट और टाटा मोटर्स के साथ सहयोग के माध्यम से, हमने छात्रों के लिए वास्तविक दुनिया की चुनौतियों की पहचान की, जिन्हें जेनरेटिव एआई का उपयोग करके नए समाधान विकसित करके हल किया जा सकता है। मैं इनोवेटर्स द्वारा इन मुद्दों के लिए सरल, किफायती समाधानों को लागू करने के तरीके से प्रेरित हूं, जिसमें अगली पीढ़ी की तकनीक के साथ बेहतरीन मानवीय रचनात्मकता को मिलाया गया है। हम शीर्ष टीमों को उनकी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में सहायता करेंगे श्री प्रवीण पंचाग्नुला, माइक्रोसॉफ्ट,कार्यकारी निदेशक-विनिर्माण और समूह ने कहा,"टाटा टेक्नोलॉजीज के साथ मिलकर, हम उद्योग में एआई-संचालित परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए अपने इंजीनियरिंग टैलेंट को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। माइक्रोसॉफ्ट में, हम रचनात्मकता, सहयोग और निरंतर सीखने को महत्व देते हैं। इनोवेंट हैकाथॉन में युवा इनोवेटर्स को जेनरेटिव एआई और माइक्रोसॉफ्ट एज्योर के सहायक इकोसिस्टम का उपयोग करके मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए प्रभावशाली समाधान विकसित करते हुए देखना वाकई प्रेरणादायक है।

स्व.पत्रकार को दी गई श्रद्धांजलि

# 15 सालों बाद भी स्व पत्रकार उमेश राजपूत के हत्यारे को सरकार और प्रशासन आखिर सजा दिलाने में असफल क्यों?

♦भारत टाइम्स♦

**नागेश्वर मोरे छुरा।** स्व.पत्रकार उमेश राजपूत को आज छुरा नगर के पत्रकारों की उपस्थिति में श्रद्धांजलि अर्पित की गई, सभी पत्रकारों ने फूल अर्पित कर नमन करते हुए दो मिनट का मौन रखकर आत्मशांति के लिए प्रार्थना की गई। वहीं अब तक उनके अपराधियों को सजा नहीं मिल पाने पर गहरा अफसोस व्यक्त किया गया। साथ ही उनके गृह ग्राम हीराबतर में भी उनके स्टेच्यू पर ग्राम के लोगों के द्वारा आज शाम भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बता दें कि छुरा नगर के 32 वर्षीय युवा पत्रकार उमेश राजपूत का 23 जनवरी 2011 को अज्ञात अपराधियों के द्वारा उनके निवास पर दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी । वहीं स्थानीय पुलिस के द्वारा लगभग चार वर्षों तक जांच की गई लेकिन अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाने के चलते परिजनों ने उच्च न्यायालय में याचिका लगाकर सीबीआई जांच मांग की गई। जिस पर आज लगभग 15 वर्ष बाद भी सरकार और प्रशासन अपराधियों को सजा दिला पाने में अब तक असफल रही है। वहीं हाल में ही



पत्रकार मुकेश चंद्राकर के हत्यारों को पुलिस त्वरित गिरफ्तार करने में सफल हुए जो एक बड़ी सफलता है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर घर में घटना के समय पांच लोगों की उपस्थिति में शहर के रिहायशी इलाके में थाने से कुछ ही फलांग की दुरी पर उमेश राजपूत को गोली मारकर हत्या कर दी जाती है और आज लगभग पंद्रह वर्षों बाद भी अपराधियों को सजा दिलाने में आखिर सरकार का तंत्र असफल नजर क्यों आ रही है। आखिर इस घटनाक्रम के पीछे क्या कोई प्रभावशाली लोग हैं? क्या कोई राजनेता है? लोगों के मन में अभी भी ये सवाल है। वहीं परिजनों ने इस अवसर पर अपना दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि ये हमारे लिए बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि आज पत्रकार उमेश राजपूत की हत्या के पंद्रह साल बाद भी उमेश राजपूत और हम परिजनों को न्याय दिलाने में सरकार और तंत्र अब तक असफल है ये बड़ी गंभीर और सोचनीय विषय प्रतीत होता है। वहीं परिजनों ने कहा कि जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता हम अपना कानूनी लड़ाई जारी रखेंगे फिलहाल मामला अभी विशेष सीबीआई न्यायालय में लंबित है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पत्रकार संघ अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, यशवंत यादव, अशोक दिक्षित, कुलेश्वर सिन्हा, प्रकाश यादव, उज्जवल जैन, यामिनी चंद्राकर, मेषनंदन पांडे, अविनाश पांडे, विकास ध्रुव, दिलिप बघेल, परमेश्वर राजपूत, ग्राम हीराबतर से सरपंच प्रताप नेताम, ईश्वर नेताम, देवेश ठाकुर,टेशु नेताम,टकेश नेताम, सज्जन राजपूत, कामता प्रसाद,लालसिंग,नरसिंग,टिकेचंद, रूप सिंग चौहान, भास्कर शर्मा,खुमेश निर्मलकर,राम कुमार, सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यालय में सुभाष चंद्र बोस की मनायी गई जयंती



♦भारत टाइम्स♦

**गया।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस गया जिला कार्यालय राजेंद्र आश्रम में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. गगन मिश्रा, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद निशात अली के पुत्र, पूर्व विधायक शेरघाटी गुरुआ सह कैबिनेट वा चेयरमैन कैप्टेन मोहम्मद शाहजहां साहब के पौत्र, बिहार प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह युवा नेता गुरुआ विधानसभा शौकत निशात उर्फ नवाब अली, बिहार प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू, उपाध्यक्ष बाबू लाल सिंह, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, साहिल गुप्ता, मुहम्मद ताजुद्दीन, मोहम्मद अजहरुद्दीन, इंशा जावेद, राजीव सिंह, दामोदर गोस्वामी, ओंकार सिंह, टिंकू गिरी सहित अन्य लोगों ने उनके चित्र पर माला और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ. गगन मिश्रा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साहस और पराक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक अद्वितीय नेता और प्रखर राष्ट्रभक्त थे, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, संकल्प और दूरदर्शिता से स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। गुरूआ विधानसभा के युवा नेता नवाब अली ने कहा नेताजी का जीवन प्रेरणादायक था, उन्होंने भारतीय सेना के निर्माण और आजाद हिंद फौज के गठन के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम को सैन्य शक्ति प्रदान की, उनका नारा "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा आज भी हर भारतीय के हृदय में गूंजता है, यह केवल एक नारा नहीं था, बल्कि यह उनके अडिग विश्वास और स्वतंत्रता प्राप्ति के प्रति उनकी असीम निष्ठा का प्रतीक था, सुभाष चंद्र बोस ने देश के युवाओं में जोश और प्रेरणा का संचार किया। उन्होंने अपने जीवन और संघर्ष के माध्यम से यह सिखाया कि देश के लिए सर्वोच्च बलिदान भी कम है। उनका जीवन हमें यह संदेश देता है कि साहस, पराक्रम और देशभक्ति से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। नेताजी का जीवन प्रत्येक भारतीय को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग और समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। आज वक्त है नेताजी के द्वारा किए गए कार्य को याद करने का और हर जात और धर्म के लोगों को एक जुट होकर, आपस की नफरत को किनारा कर के देश में अमन चैन सुकून आपसी एकता को बढ़वा देने का और देश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाने का।

# रिद्धनाथ विद्यालय बालक के विद्यार्थी हुए गोरखपुर में आयोजित शैक्षणिक प्रतियोगिता में हुए सम्मानित

♦भारत टाइम्स♦

**हरियाणा/हिसार (गरिमा)।** नेता जी सुभाष चंद्र बोस संगठन की टीम द्वारा एक भव्य एवं विशाल शैक्षणिक प्रतियोगिता प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें अनेकों विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में रिद्धनाथ विद्यालय बालक के विद्यार्थी रजत ने द्वितीय



स्थान प्राप्त कर 5100 रुपए की राशि प्राप्त की एवं छात्रा नैंसी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त करके 1100 रुपए की राशि प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस कड़ी में रिद्धनाथ विद्यालय बालक के छात्र हंशु, ऋतु, सौम्या ने भव्य एवं विशाल शैक्षणिक प्रतियोगिता में टॉप टेन में जगह बनाकर अपने माता पिता,अध्यापकों एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। इन होनहार विजेता विद्यार्थियों ने जिला स्तर एक विशेष पहचान बनाई है और ये रिद्धनाथ विद्यालय बालक के विद्यार्थी अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए भी एक आदर्श की भूमिका निभा रहे है। प्रतियोगिता के पश्चात रिद्धनाथ विद्यालय बालक के स्टाफ सदस्य ने बताया का आज बड़ा गौरवशाली पल है जिसमें विद्यार्थियों ने एक पहचान बनाई है। इस उपलब्धि से केवल विद्यार्थियों की मेहनत ही सफल नहीं हुई है अपितु उनके अभिभावकगण का एवं उनके अध्यापकों का भी विशेष योगदान रहा है आज उनकी भी मेहनत रंग लाई है जिसके कारण आज यह शैक्षणिक प्रतियोगिता में परिणाम देखने को मिला। आज रिद्धनाथ विद्यालय बालक के बच्चे अन्य छात्रों के लिए एक विशेष आदर्शवान एवं प्रेरणादायक बनकर आज समाज के सामने आए है। क्योंकि सफल होना केवल एक दिन या कुछ समय की मेहनत नहीं है अपितु यह एक लंबे समय से अनेकों चीजों का त्याग कर पूर्ण निष्ठा से किए गए प्रयास का परिणाम है। भगवान सभी छात्रों पर अपनी दया दृष्टि बनाए रखे और ये विद्यार्थी इसी तरह अपने माता पिता का एवं अपने अध्यापकों का नाम रोशन करते रहे।

# उद्घाटन मैच में पिछले साल का चैंपियन क्लासिक फुटबॉल अकादमी मणिपुर ने रामकृष्ण मिशन नारायणपुर टीम को २-0 से हराया





♦भारत टाइम्स♦

**नारायणपुर छत्तीसगढ़ (गोलू मरकाम )।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के बैनर तले एलीट यूथ लीग में रामकृष्ण मिशन फुटबॉल अकादमी और क्लासिक फुटबॉल अकादमी मणिपुर के बीच पहला मैच नारायणपुर रामकृष्ण मिशन आश्रम के विवेकानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सुबह 9 बजे शुरू हुआ। खेल के 10वें मिनट में सीएफए के इरोम डेविड मंगांग ने पहला गोल किया। 47वें मिनट में सीएफए के निंग्रेसो कसार ने एक और गोल करके सीएफए को 2 गोल से आगे कर दिया। आरकेएम को गोल करने का मौका मिला लेकिन सफल होने में नाकाम रहा। इस प्रकार क्लासिक फुटबॉल क्लब ने 2-0 से जीत हासिल किया। दोनों टीमों ने खेल भावना का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। खेल के शुरू में मुख्य अतिथि श्री मोहन लाल जी, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के कार्यकारी सदस्य और छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के सहायक महासचिव साथ में आश्रम के सचिव महाराज ने प्लेयर से हाथ मिलाकर मैच की शुरूआत की। इस दिन मिजोरम के आइजोल फुटबॉल क्लब और पटना के प्रीमियर स्पोर्टिंग फुटबॉल अकादमी के बीच खेले गए दूसरे मैच में विवेकानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दोपहर 3 बजे शुरूआत हुई। पहले हाफ में सात गोल हुए। पहले हाफ में 15 मिनट के भीतर 6 गोल हो गए। सातवां गोल 48वें मिनट में हुआ। मिजोरम के ओर से फ्रांसिस लालहरुइजेला ने हैट्रिक बनाई। अन्य स्कोरर सी लालखवान गैहा ने दो गोल और लालहमिंग मुआना ने दो गोल किए। पटना टीम ने कोई गोल नहीं कर पाया। प्रथम हाफ के समाप्ति तक स्कोर 7-0 रहा। द्वितीय हाफ में 70वे मिनट मिजोरम के ओर से एक और गोल कर स्कोर 8-0 कर मैच को आसानी से जीत लिया।

# केडीए के अधिशासी अभियंता मयंक यादव की अगुवाई में कब्जा मुक्त हुई कानपुर की बारात शालाएं

## जनता के लिए केडीए ने की बरात शालाओं के संचालन की तैयारी

- कानपुर विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता मयंक यादव की अगुवाई में कब्जों से मुक्त कराई गई की लगभग एक दर्जन बारात शालाएं

♦भारत टाइम्स♦

**सुनील बाजपेई कानपुर।** यहां का कानपुर विकास प्राधिकरण अपनी सभी संपत्तियों को हर तरह से संरक्षित करने में लगातार जुटा हुआ है। इसी के साथ कानपुर विकास प्राधिकरण सभी सामुदायिक केंद्रों बारात शालाओं को आम जनमानसके लिए उपलब्ध कराने की भी तैयारी को अंतिम रूप दे चुका है जिसके तहत बहुत जल्द टेंडर भी डाले जाएंगे। शहर की लगभग एक दर्जन 1 दर्जन बारात शालाओं को संरक्षित और सुव्यवस्थित करने के इस अभियान में कानपुर विकास प्राधिकरण के निष्पक्ष और पारदर्शी




कार्य शैली के कठोर परिश्रमी अधिशासी अभियंता एक्सीएन मयंक यादव अपनी टीम के साथ लगातार जुटे हुए हैं ,जिसके तहत उन्हें शहर की लगभग सभी एक दर्जन बारात शालाओं को अवैध कब्जों से मुक्त कराने में भी सफलता मिली है। अधिशासी अभियंता के रूप में यहां अपनी चुनौती पूर्ण नियुक्ति के बाद से ही योगी सरकार की मंशा के अनुरूप अपने कर्तव्य पालन में निरंतर लगे और जनहित में अपनी सराहनीय सेवाओं में भी अग्रणी केडीए के तेज तर्रार व्यवहार कुशल अधिशासी अभियंता मयंक यादव ने बताया कि जहां भी आवश्यक होगा वहां बारात शालाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए उनका सुंदरीकरण भी कराया जाएगा। फिलहाल आम जनता के हित में कानपुर विकास प्राधिकरण की ओर से जो तैयारी है ,उसके मुताबिक इन बारात शालाओं के लिए बहुत जल्द टेंडर प्रक्रिया भी संपादित की जा जायेगी ,जिसके बाद इसका लाभ शादी विवाह में वह लोग भी उठा सकेंगे ,जो अपने आयोजनों को महंगे गेस्ट हाउस लेकर करने में सक्षम और समर्थ नहीं है।

# समाजसेवी सीताराम यादव ने शेरघाटी विधानसभा के 19 पंचायतों में किया कंबल वितरण

♦भारत टाइम्स♦

**गया।** शेरघाटी समाजसेवी सीताराम यादव ने शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र में गरीब परिवारों के बीच इनदिनों लगातार कंबल का वितरण कर रहे हैं। जिसमे क्षेत्र के लोगों के लिए सीताराम यादव गरीब असहाय लोगों के बीच इनदिनों वर्दान सावित होता दिखाई दे रहे हैं। समाजसेवी सीताराम यादव ने चलो गांव जनता के द्वार अभियान के तहत उन्होंने ने बृहस्पतिवार को डोभी प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचाय के मांसीडीह मैदान में सैंकड़ों गरीब असहाय लोगों को कंबल का वितरण किया है। इस संबंध में सीताराम यादव ने कहा कि गरीब असहाय लोगो की मदद करना हमे गर्वान्वित महसूस होता है। उन्होंने



आगे कहा कि चलो गाँव जनता के द्वार अभियान के तहत शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र में हमारे टीम के द्वारा आज 19 वा पंचायत में कंबल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि 24 जनवरी को शेरघाटी रंगलाल हाई स्कूल के मैदान में कंबल का वितरण कार्यक्रम का आयोजन का दिन निर्धारित किया गया है। मौके पर मौजूद सीताराम यादव, अमित आर्यन, सुबोध कुमार, चंदन कुमार, अमित कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार की कथनी करनी में भेद नहीं- भड़ाणा

## बालिका छात्रावास का भूमि पूजन किया , छात्रावास में ई-लाइब्रेरी और इनडोर खेल सुविधाएं उपलब्ध

♦भारत टाइम्स♦

**(हरिप्रसाद शर्मा) अजमेर।** ज़िले की नसीराबाद में राजकीय देवनारायण बालिका छात्रावास की भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री भाजपा ओमप्रकाश भड़ाणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। भूमि पूजन के साथ ही बालिका शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा का सूत्रपात हुआ है। मुख्य अतिथि भड़ाणा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश की भजन लाल सरकार का पहला बजट जनकल्याणकारी एवं संवेदनशील रहा, जिसमें प्रदेश में सात



स्थानों पर आवासीय विद्यालय, छात्रावास निर्माण की घोषणा की गई और आगामी बजट से पूर्व यह छात्रावास अब धरातल पर फलीभूत हो रहे हैं, जो सरकार की कार्यक्षमता के साथ उसकी कथनी करनी में भेद नहीं दिखता। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रावास में ई-लाइब्रेरी और इनडोर



खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे बालिकाओं को बेहतर शिक्षा और समग्र विकास का अवसर मिलेगा। भड़ाणा ने यह भी स्पष्ट किया कि देवनारायण बोर्ड प्रदेश के अति पिछड़े समाज को गुणवत्तापूर्ण उच्चतर शिक्षा प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि समाज के समृद्धि और विकास के लिए बेटियों को शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है। इससे पूर्व, रामगंज स्थित ऊबड़ा का देवड़ा मंदिर में राजस्थान गुर्जर महासभा के पदाधिकारियों ने भड़ाणा के अध्यक्षीय कार्यकाल की इस उपलब्धि के लिए सार्वजनिक अभिनंदन किया। मंदिर में पूजित पांच ईंटों को विधिपूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ छात्रावास की भूमि पूजन के दौरान नींव में रखा गया। कार्यक्रम में नसीराबाद के विधायक रामस्वरूप लांबा, जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के पदाधिकारी, भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# केजीबीवी की 80 छात्राओं के कदमताल से पहली बार गूंजेगी गणतंत्र दिवस की परेड

♦भारत टाइम्स♦



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे अभूतपूर्व बदलावों का नतीजा यह है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) की 80 छात्राएं इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में पहली बार भाग लेंगी। ये छात्राएं लखनऊ के मलिहाबाद, चिनहट और सरोजनी नगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों से चयनित की गई हैं और वे विधानभवन के सामने आयोजित होने वाली परेड में अपने अनुशासन, प्रतिभा और जोश का प्रदर्शन करती हुई नजर आएंगी।

**प्रदेशभर की बालिकाओं का प्रतिनिधित्व-** इन 80 छात्राओं की परेड में भागीदारी न केवल उनके विद्यालयों का गौरव बढ़ाएगी, बल्कि वे प्रदेशभर के 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का प्रतिनिधित्व भी करेंगी। यह कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में पढ़ाई कर रही बालिकाओं के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। इन बालिकाओं के अनुशासन, मेहनत और समर्पण ने उन्हें यह अवसर प्रदान किया है। ज्ञात हो कि योगी सरकार ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के माध्यम से प्रदेश के वंचित वर्ग की बेटियों को शिक्षा के बेहतर अवसर प्रदान किए हैं, जिससे आज ये बालिकाएं अपने स्कूलों और प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं।

**शिक्षा और खेल में उत्कृष्टता का नमूना है: महानिदेशक स्कूल-** महानिदेशक स्कूल कंव्हान वर्मा ने कहा कि केजीबीवी की इन छात्राओं की परेड में भागीदारी केवल उनके शारीरिक और मानसिक कौशल का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी उत्कृष्टता को भी रेखांकित करती है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का उद्देश्य वंचित वर्ग की बालिकाओं को शिक्षा और विकास के बेहतर अवसर प्रदान करना है। इन छात्राओं ने इस उद्देश्य को साकार कर दिखाया है।

### बालिकाओं के लिए ही नहीं, पूरे प्रदेश के गर्व का विषय

अपर राज्य परियोजना निदेशक श्रीमती एकता सिंह ने कहा कि केजीबीवी की बालिकाओं का गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेना केवल उनके लिए ही ऐतिहासिक क्षण नहीं है, बल्कि यह पूरे प्रदेशवासियों के लिए गर्व का क्षण होगा। विभाग ने हमेशा यह सुनिश्चित किया है कि हर बेटी को शिक्षा का समान अवसर मिले और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया जाए।

### पहली बार परेड का हिस्सा बन रहीं केजीबीवी छात्राएं

यह पहली बार है जब कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बन रही हैं। योगी सरकार की यह पहल उन प्रयासों का हिस्सा है जो महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में चलाए जा रहे हैं। इन छात्राओं ने पिछले 10 दिनों से लखनऊ पुलिस लाइन में कड़ी मेहनत की है, ताकि वे परेड में पूरी तरह से तैयार होकर शामिल हो सकें। उनका यह समर्पण और कड़ी मेहनत इस बात का प्रतीक है।

# 26 जनवरी से किसी भी दो पहिया वाहन को बिना हेलमेट के नहीं मिलेगा पेट्रोल

- अब दो पहिया वाहन पर चालक और सहयात्री ने हेलमेट नहीं पहना तो नहीं मिलेगा पेट्रोल

♦भारत टाइम्स♦

**उन्नाव/सर्वेश खान।** जनपद उन्नाव में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा हेलमेट न पहनने के कारण दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कार्यालय परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के द्वारा 8 जनवरी को जारी पत्र के आदेशानुसार जिला अधिकारी उन्नाव गौरांग राठी ने जनपद उन्नाव में स्थित सभी पम्प संचालकों एवं स्वामियों को निर्देश दिया है कि अब ऐसे किसी भी दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जाएगा जिसके चालक तथा सहयात्री ने हेलमेट नहीं पहना ह सभी पेट्रोल पंप संचालक एवं स्वामी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके प्रतिष्ठान में सीसीटीवी कैमरा सदैव सक्रिय रहे ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके केंद्रीय मोटर अधिनियम 1988 की धारा 129 एवं उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली 1988 के नियम 201 के अनुसार सभी मोटरसाइकिल चालकों एवं सवारियों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो बी आई एस के द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप हेलमेट पहनना अनिवार्य है इन प्रावधानों का उल्लंघन केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 177 के तहत दंडनीय है जिसमें जुमार्ने का प्रावधान है।

# रामपुर में सफाई अभियान चलाया गया



♦भारत टाइम्स♦

**रामनगर।** रामनगर वार्ड नंबर 13 रामपुर रामनगर जोन गुरुवार को दलित बस्तिसे लेकर स्वामीजी की कुटिया के पास सफाई इस्पेक्टर विवेक वोहरा, सुपर वाइजर जयप्रकाश, सिराज व अन्य कर्मचारियों ने सफाई अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छता और साफ-सफाई को बढ़ावा देना था।

# पिछड़ा आयोग के सदस्य सत्येन्द्र बारी आज सर्किट हाउस वाराणसी में ज़िलाधिकारी के साथ मीटिंग करेंगे

♦भारत टाइम्स♦



**वाराणसी।** पिछड़ा आयोग के सदस्य सत्येन्द्र बारी वाराणसी में जिलाधिकारी के साथ मीटिंग करेंगे। यह मीटिंग शुक्रवार को वाराणसी सर्किट हाउस में आयोजित की जाएगी। इस मीटिंग में प्रदेश में सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी और पिछड़ा वर्ग की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। इस मीटिंग में वाराणसी के जिलाधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

# चार सूत्रों का अनुपालन कर जीवन को बनाएं सुखमय : युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण

## लगभग 12 किलोमीटर का विहार कर आचार्यश्री पहुंचे अजापर, नवकार इंटरप्राइजेज पूज्यचरणों से बना पावन

♦भारत टाइम्स♦



**अजापर। कच्छ (गुजरात)।** जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के वर्तमान अधिशास्ता, मानवता के मसीहा, शांतिदूत आचार्यश्री महाश्रमणजी गुरुवार को नदगांव से अगले गंतव्य की ओर गतिमान हुए। जैसे-जैसे आचार्यश्री मयार्दा महोत्सव के लिए भुज के निकट होते जा रहे हैं, श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ता जा रहा है। राजमार्ग पर गतिमान मानवता के मसीहा आचार्यश्री महाश्रमणजी के दर्शन कर अन्य लोग भी लाभान्वित हो रहे थे। जन-जन को अपने आशीर्वाद से लाभान्वित करते हुए आचार्यश्री लगभग बारह किलोमीटर का विहार कर अजापर अंजार में स्थित नवकार इंटरप्राइजेज में पधारे। अपने आराध्य को अपने प्रतिष्ठान में पाकर संबंधित परिवार धन्यता की अनुभूति कर रहा था। फैक्ट्री परिसर में आयोजित मंगल प्रवचन कार्यक्रम में समुपस्थित श्रद्धालुओं को शांतिदूत आचार्यश्री महाश्रमणजी ने पावन पाथेय प्रदान करते हुए कहा कि शास्त्र में सुखी रहने के संदर्भ में कुछ बातें बताई गई हैं। इनमें पहली बात बताई गई कि अपने आपको तपाओ और सुकुमारता को छोड़ो। सुकुमारता को छोड़कर कठोरता का जीवन जीने का अभ्यास होना चाहिए। एक आदमी भौतिक सुख-सुविधाओं का खूब भोग भोगना चाहता है और दूसरा आदमी कुछ कठिनाई और कठोरता से जीवन जीने के बाद भी शांति से रह सकता है। आदमी के जीवनशैली में सुविधाओं में जीवन बीताने की मनोवृत्ति कितनी है और कम सुविधाओं में भी जीवन चलाने की मनोवृत्ति कितनी है। भौतिक साधन दुनिया में उपलब्ध हैं। आवश्यकतानुसार उनका उपयोग भी किया जा सकता है, परन्तु आदमी कुछ कठोर जीवन भी जी सके, इसका अभ्यास करना चाहिए। उदाहरण के लिए मान लिया जाए कि आदमी एसी में रहने का अभ्यास कर लिया और कभी एसी नहीं मिली तो भी उसमें भी शांति के साथ रह ले तो अच्छी बात हो सकती है। कार्यकताओं को गांव-गांव जाकर काम करना है और कहे कि बाहर बहुत सर्दी-सर्दी है तो भला कार्य भी कैसे हो सकता है? इसलिए आदमी को अपने जीवन को कुछ कठोरता के साथ जीने का अभ्यास करना चाहिए। स्वास्थ्य की अनुकूलता का ध्यान दिया जा सकता है, किन्तु केवल भौतिक संसाधनों के भोग का प्रयास करेंगे तो जीवन अशांत ही महसूस होगा। कुछ कठोरता के साथ जीवन जीने का अभ्यास है तो जीवन सुखमय हो सकता है। दूसरी बात बताई गई कि आदमी को ज्यादा इच्छाएं रखने से बचने का प्रयास करना चाहिए। आदमी कई बार इतनी लालसा, इच्छा अभिलाषा रखने लगता है कि कई बार उन इच्छाओं की पूर्ति नहीं हो पाती तो आदमी अशांति में जा सकता है, दुःखी बन सकता है। इसलिए आदमी को ज्यादा आकांक्षा, लालसा, इच्छा करने से बचने का प्रयास करना चाहिए। मकान, वस्त्र, आभूषण आदि हैं तो भी ज्यादा की कामना आदमी को दुःखी बना सकती है। इसलिए यह प्रेरणा दी गई कि आदमी कामनाओं का अतिक्रमण करे तो सुखी रह सकता है। कामनाओं के अतिक्रमण से दुःख भी अतिक्रान्त हो सकता है। तीसरी बात बताई गई कि आदमी को किसी से ईर्ष्या, द्वेष नहीं करना चाहिए। कहीं आवश्यक क्रांति के रूप में विरोध हो सकता है, किन्तु ईर्ष्या भाव से विरोध करने से बचने का प्रयास करना चाहिए। दूसरों को सुखी देखकर दुःखी नहीं, और किसी को दुःखी देखकर खुशी नहीं मनाने का प्रयास करना चाहिए। आदमी को जलन और ईर्ष्या से बचने का प्रयास करना चाहिए। द्वेष की ग्रंथी को छिन्न करने का प्रयास करना चाहिए। चौथी बात बताई गई कि आदमी राग का अपनयन करे। राग को छोड़ना थोड़ा कठिन कार्य है। राग कई गुणस्थानों तक रहने वाला है। भोग, विषयों से युक्त राग असात्विक भी होता है। प्रशस्त राग हो अथवा अप्रशस्त राग हो सभी को छोड़ने का प्रयास करना चाहिए।

# सूचना के अधिकार अधिनियम की उड़ाई जा रही धज्जियां 10370 रु जमा करने के बाद भी नहीं दी गई जानकारी

♦भारत टाइम्स♦



छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक — DEPOSIT SLIP / जमा पर्ची

शाखा: लखनपुर — दिनांक: 23/12/2024

खाते का प्रकार: SB | CA | OD | RD | CC | ACC | TL | ATL | DL

खाता क्रमांक: 77071969083

श्री ग्राम पंचायत मुटकी के खाते में जमा करने के लिए

PARTICULARS / विवरण — ₹ 10370/-

TOTAL / कुल 10370

Rs. in words / कुल रकम (शब्दों में): दस हजार तीन सौ सत्तर रुपये मात्र ONLY

अधिकारी के हस्ताक्षर

**लखनपुर। सितेश सिरदार।** शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाई जा सके इसके लिए केंद्र सरकार ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 बनाया है ताकि नागरिकों को उनके टैक्स के पैसे का सदुपयोग हो रहा है या नहीं इसकी जानकारी मिल सके लेकिन निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद भी सूचना जानकारी नहीं मिल पा रही है तो इसे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है की सूचना के अधिकार अधिनियम की किस तरह धज्जियां उड़ाई जा रही है मामला लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुटकी का है जहां आरटीआई कार्यकर्ता बिनोद यादव के द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत ग्राम पंचायत मुटकी में कराएं जा रहें निर्माण कार्यों,15वां वित आदि के संबंध में जानकारी मांगी गई थी लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी जानकारी सचिव अनिल सिंह के द्वारा जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई जबकि जानकारी देने के एवज में 10370 रुपए का भुगतान भी करा लिया गया है आरटीआई कार्यकर्ता बिनोद यादव ने बताया कि मैंने ग्राम पंचायत मुटकी में कराए गए निर्माण कार्य व 15वां वित मद की जानकारी मांगी थी। जानकारी देने के नाम से सचिव के द्वारा 10370 रूपए का डिमांड ड्राफ्ट जमा करने की की बात कही गई जिसको मैंने निर्धारित तिथि में जमा कर दिया लेकिन शुल्क जमा करने के बाद भी मुझे जानकारी नहीं दी गई। आरटीआई कार्यकर्ता बिनोद यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत मुटकी मे 7लाख रुपए से अधिक की राशि का बंदरबांट बिना कार्य कराएं ही अधिकारियो से मिलीभगत कर पैसों का बंदरबांट कर लिया गया है इसलिए सचिव के द्वारा जानकारी देने से बच रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में सचिव अनिल सिंह ने बताया कि उक्त सम्बन्ध में जानकारी 16 तारीख को रजिस्टर्ड डाक के द्वारा दे दी गई है।

# नृत्य का शुभारंभ गणेश वंदना, कथक तराना, ठुमरी, राम भजन से

♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर गुरुवार को सुबह ए बनारस के अंतर्गत घाट संध्या कार्यक्रम में उदीयमान कलाकारों जिसमें आराध्या मिश्रा ने उत्तर भारत का प्रसिद्ध कथक नृत्य का शुभारंभ गणेश वंदना,कथक तराना, ठुमरी, राम भजन एवं शिवानी पासवान ने दक्षिण भारत के तमिल राज्य की प्रसिद्ध नृत्य विधा भरतनाट्यम का शुभारंभ अलारिपु एवं समापन जतिस्वरम से किया।कलाकारों को प्रमाण पत्र नंदिनी सिंह , आराधना मिश्रा, रानू चौबे एवं सरस्वती कुमारी ने प्रदान किया प्रमाण पत्र प्रदान करनेग के साथ उनकी संगीत साधना की भी प्रशंसा की। घाट संध्या कार्यक्रम का संयोजन सुबह ए बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीमा केशरी ने किया। इस अवसर पर भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।




# जीवात्मा ही इस जड़ शरीर को चेतन बनाए हुए है – बाबा उमाकान्त जी महाराज

- सन्तों ने ही इस शरीर, जीवात्मा व सृष्टि का पूरा भेद खोला
- (पेंड्री) वक्त के सन्त सतगुरु परम पूज्य बाबा उमाकान्त जी महाराज ने बताया कि जो वस्तु स्वयं एक जगह से दूसरी जगह आ जा ना सके उसको जड़ कहते हैं एवं जो अपनी इच्छा अनुसार चल फिर सके उसको चेतन कहते हैं।




(पेंड्री) वक्त के सन्त सतगुरु परम पूज्य बाबा उमाकान्त जी महाराज ने बताया कि जो वस्तु स्वयं एक जगह से दूसरी जगह आ जा ना सके उसको जड़ कहते हैं एवं जो अपनी इच्छा अनुसार चल फिर सके उसको चेतन कहते हैं। यह शरीर जड़ है। परमात्मा की अंश जीवात्मा ही इस शरीर को चेतन किए हुए है, तभी यह चल फिर रहा है।

अब जड़ और चेतन की गांठ बन गई और गांठ जब मजबूत बन जाती है तो जल्दी खुलती नहीं है। कहां बन गई? इसी मनुष्य शरीर के अंदर में। जड़ और चेतन की मजबूत गांठ खुल नहीं रही है। अब जड़ और चेतन की ऐसी गांठ बन गई कि खोलने पर भी नहीं खुल रही है और बंधी होने के नाते यह जीवात्मा ऊपरी लोकों की तरफ जा नहीं पाती है तो आदमी का ज्ञान-भान खुलता नहीं है। मनुष्य के अंदर उतना ही ज्ञान रहता है, उतनी ही जानकारी हो पाती है कि जितनी शरीर से जानी जा सकती है, शरीर की आंखों से देखा जा सकता है, शरीर के कानों से सुना जा सकता है, मुंह से बोला जा सकता है। आगे की जानकारी नहीं हो पाती कि आगे भी कुछ है। अगर वह गांठ खुल जाए तो यह जीवात्मा जो इधर इंद्रियों के घाट पर मन के साथ बैठी हुई है, वह ऊपरी लोको में चली जाए, इस पिंड लोक को छोड़ कर के अंड, ब्रह्मांड, पार ब्रह्मांड लोक में चली जाए तो उधर की भी जानकारी हो जाए। सन्तों ने ही सारा भेद खोला। जब सतगुरु मिले, सतगुरु की दया हुई और उन्होंने भेद खोला और जो उन्होंने देखा और सुना, कहा ना कि - कहा सुनी की बात नहीं, देखा देखी की बात। सुरत समाई शब्द में, मगन रही दिन रात। तो ये कहा सुनी, लिखा पढ़ी की बात नहीं है। ये तो देखा देखी की बात है। सन्तों ने जब ऊपर में जाकर के देखा, तब सारा भेद बताया और फिर उपदेश किया। लोगों को समझाने लगे कि भाई तुम इतने जकड़ में हो कि निकल नहीं पा रहे हो।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पास खाताधारी कृषक से चिल्हर पैसा लेने के बहाने 20 हजार रुपए की हुई ठगी, मामला दर्ज

♦भारत टाइम्स♦




**लखनपुर। सितेश सिरदार।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा लखनपुर में एक खाताधारी कृषक से 20 हजार रुपए की ठगी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है,मिली जानकारी के अनुसार मिलन राम आ0 स्व0 सुखराम उम्र 65 वर्ष जाति रजवार साकिन ग्राम कोरजा 21 जनवरी दिन मंगलवार को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा लखनपुर में अपने खाते से 20 हजार रुपए निकाला। इसी दौरान बैंक के समीप एक अजनबी युवक मिलन राम से बोला मुझे चिल्हर पैसे की जरूरत है। लिहाजा आप दो सौ रुपए वाले सभी नोट मुझे दे-दे इसके बदले में आप मुझसे पांच सौ रुपये वाले सभी नोट ले लें। यह कहकर अंजान युवक ग्रामीण से 20/- हजार रुपए वाले सभी नोट लेकर बोला पांच सौ रुपये वाले नोट लाकर देता हूं। युवक के साथ एक महिला भी थी 20/- हजार लेकर बैंक के पास लगे अस्पताल की ओर चला गया। ग्रामीण मिलन राम और उसका नातिन संजय राजवाड़े इंतजार करते रह गये। लेकिन अजनबी युवक लौट कर नहीं आया। बडी चालाकी से 20/- हजार रूपए लेकर चला गया। ग्रामीण ने अपने साथ हुये धोखाधड़ी की शिकायत थाना लखनपुर उपस्थित आकर किया है। पुलिस मामला में धारा 318(4) बी एन एस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तथाकथित ठग युवक एवं उसके साथ वाली महिला को तलाश करने जुटी है। तथाकथित ठग युवक एवं उसके साथ वाली महिला को तलाश करने जुटी है।

# नेताजी का जीवन साहस, निष्ठा और निस्वार्थ सेवा की मिसालः सीएम योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर परिवर्तन चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



**सीएम योगी ने युवाओं से की नेताजी के आदर्शों को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील**

*सीएम योगी ने युवाओं को राष्ट्रधर्म का महत्व समझाते हुए कहा कि हर नागरिक को जाति, मजहब, भाषा और क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि मानना चाहिए। नेताजी का जीवन हमें सिखाता है कि राष्ट्र के प्रति निष्ठा और समर्पण सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने करियर से आगे बढ़कर देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें। नेताजी के साहस और निष्ठा को याद करते हुए सीएम योगी ने कहा कि उनका व्यक्तित्व युवाओं को न केवल प्रेरित करता है, बल्कि यह सिखाता है कि चुनौतियों से कैसे निपटा जाए। नेताजी का हर कदम युवाओं के लिए एक संदेश था। उन्होंने अपने समय के युवाओं के साथ मिलकर न केवल स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया, बल्कि देश को सामाजिक समस्याओं से लड़ने का भी मार्ग दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेताजी का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना स्वतंत्रता संग्राम के समय था। उन्होंने युवाओं से नेताजी के आदर्शों को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि नेताजी का जीवन हमें सिखाता है कि देश के प्रति निष्ठा और सेवा भाव से बड़ी कोई चीज नहीं है।*

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर परिवर्तन चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने नेताजी के देश के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि भारत माता के महान सपूत और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन साहस, निष्ठा और निस्वार्थ सेवा की मिसाल है। मुख्यमंत्री ने नेताजी के जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उन्होंने भारतवासियों के दिलों में देशभक्ति की ऐसी अलख जगाई, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उनका नारा ह्यतुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगाह्न आज भी हर भारतवासी के लिए प्रेरणा स्रोत है। नेताजी ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से आजादी के आंदोलन को नई दिशा दी- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हम नेताजी की पावन जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मना रहे हैं। भारत माता के इस महान सपूत ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से आजादी के आंदोलन को नई दिशा दी। नेताजी का नाम हर भारतवासी के लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी के योगदान को सम्मानित करते हुए 23 जनवरी को ह्यपराक्रम दिवसह्न के रूप में मनाने का निर्णय लिया। यह निर्णय नेताजी के प्रति देश की कृतज्ञता का प्रतीक है।

**नेताजी का जीवन निष्ठा और साहस की मिसाल-** सीएम योगी ने कहा कि नेताजी ने अपने जीवन के सबसे प्रतिष्ठित समय में सिविल सेवा की नौकरी को त्याग दिया, क्योंकि वह विदेशी हुकूमत के अधीन कार्य करना नहीं चाहते थे। यह कदम न केवल उनके देशप्रेम का परिचायक था, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बना। उन्होंने कहा कि नेताजी ने अपने जीवन में कभी भी साधनों की कमी को बाधा नहीं बनने दिया। नेताजी के नारे और विचारों ने युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उनके नारे ने युवाओं के भीतर देशभक्ति का ऐसा जादू फैलाया कि ब्रिटिश हुकूमत को उन्हें नजरबंद करना पड़ा, लेकिन उनकी नजरबंदी भी आजादी के प्रति उनके जुनून को नहीं रोक सकी। नेताजी ने जर्मनी, जापान और अन्य देशों में जाकर भारत की आजादी के लिए समर्थन जुटाया।

**हर नागरिक का एक ही धर्म- राष्ट्र धर्म-** सीएम योगी ने कहा कि युवा पखवाड़ा मनाने में स्वामी विवेकानंद की पावन जयंती से लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पावन जयंती तक यह पूरा कार्यक्रम युवाओं को नई प्रेरणा देता है। जाति, मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा से ऊपर उठकर के हर नागरिक का एक ही धर्म होना चाहिए-वह राष्ट्रधर्म है और राष्ट्र धर्म के प्रति पूरे समर्पण भाव के साथ कार्य करने की प्रेरणा नेताजी सुभाष चंद्र बोस का महान व्यक्तित्व हम सभी को प्रदान करता है। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य इंजी. अवनीश सिंह, रामचंद्र प्रधान, अंगद सिंह, लालजी प्रसाद निर्मल आदि उपस्थित रहे।

# लोलावास,अखावास के ग्रामीण बोले कार्मिकों के खिलाफ शिकायत झुठी



♦भारत टाइम्स♦

**मारवाड़ जंक्शन (अजयसिंह तोमर)।** मारवाड़ जंक्शन ओपन क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिमला के कार्मिकों का विवाद अब रुकने का नाम नहीं ले रहा है। विगत दिनों सिनला गांव के ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत सिनला के कार्मिकों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे जिसको लेकर आज गुरुवार को अखावास ओर लोलावास के ग्रामीणों ने मारवाड़ जंक्शन उपखंड अधिकारी एवं विकास अधिकारी सहित पंचायती राज मंत्री को एक पत्र लिखकर बताया कि ग्राम पंचायत सिनला के कार्मिकों के प्रति जो सिनला ग्राम वासियों ने शिकायत की है वह झूठी वह मनगढ़ंत शिकायतें की है। सिनला ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत पूर्णतया झूठी व बे- बुनियाद है। ग्रामीणों ने कहा की दोनों कार्मिकों द्वारा समय पर जियो टैग से सभी किस्त समय पर मिलती है साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी प्रकार की हमें इन सिनला ग्राम पंचायत के दोनों कार्मिकों से आज तक कोई परेशानी नहीं पहुंचाई।

# सत्येन्द्र बारी ने सुल्तानपुर के कोतराकला में लगाई चौपाल मौके पर ही किया समस्याओं का समाधान



♦भारत टाइम्स♦

**सुल्तानपुर।** पिछड़ा आयोग के सदस्य सत्येन्द्र बारी ने गुरुवार को सुल्तानपुर जनपद के कोथराकला में पिछड़ा समाज के लोगो के बीच जा कर उनकी समस्याओं को सुना मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समाधान किया ।उक्त अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रदीप बारी ,चतुर्थ कर्मचारी संघ के नेता अनिल सहित सैकड़ों की संख्या में पिछड़ा समाज के लोग उपस्थित थे । सत्येन्द्र बारी ने आये सभी बुजुर्गों को अंग वस्त्र दे कर सम्मान किया।

# शेखावास विद्यालय में मनाया वार्षिकोत्सव

♦भारत टाइम्स♦

**मारवाड़ जंक्शन (अजयसिंह तोमर)।** मारवाड़ जंक्शन उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शेखावास में वार्षिकोत्सव का आयोजन बढ़े धुम- धाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य जी श्री यज्ञदत्त लखावत सरपंच साहब श्री नरेन्द्र सिंह कुम्पावत उप प्राचार्य सन्जा राम चौधरी राकेश त्रिवेदी वना राम भादरू ने मां सरस्वती की दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। तथा विद्यालय के छात्र को द्वारा एक से एक बढ़कर कार्यक्रम में प्रस्तुतियां दी गई।

इसमें समस्त स्टाफ द्वारा सभी ग्रामीण जनो का माल्यापर्ण कर स्वागत किया गया। समस्त स्टाफ गण श्री संतोष सिंह, श्री राजकुमार शर्मा चेतनराज मंगलाराम श्यामलाल शत्रुसिंह श्रवणराम, लक्ष्मण राम, किशोर कुमार, राजेश



कुमार, सुखाराम श्रीमती शोभा गर्ग, शंकर लाल मालकीच आदी का सहयोग रहा। तथा ग्रामीण चम्पालाल देवेन्द्र, किशन लाल कालुराम राडा विनोद गहलोत, प्रहलाद डिंडेल आदी का सराहनीय सहयोग दिया। समस्त कार्यक्रम की जानकारी शारिरीक शिक्षक प्रकाश सिंह सांखला ने दी कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान किया गया पूर्व छात्र, देवेन्द्र चौहान ने भजन प्रस्तुती दी। पूर्व छात्राए संतोष परीना, दुर्गा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सत्र 2023.24 में प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान विद्यार्थियों एवं विभिन्न गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियो को पुरस्कार प्रदान किए गए। नारायण लाल कुमावत, संजय सिरवी का विशेष योगदान रहा।

# बालश्रम कराना दंडनीय अपराध है बच्चों को पढायें

♦भारत टाइम्स♦

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर थाना ए0एच0टी0यू0 पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली देहात क्षेत्र व नगर क्षेत्र में बालश्रम/ भिक्षावृत्ति,मानव तस्करी,बाल विवाह आदि अपराधों के रोंकथाम हेतु आमजन को किया गया जागरुक। दिनांक 23.01.2025 को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्री योगेश कुमार व श्रीमान क्षेत्राधिकारी (नगर)श्री बृजनंदन राय के पर्यवेक्षण में थाना ए0एच0टी0यू0 मय संयुक्तटीम व श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 90दिवसीय अभियान मिशन शक्ति फेस 5 व अखिल भारतीय बाल बचाव एवं पुनर्वास किशोर श्रम उन्मूलन के



अंतर्गत जागरुकता अभियान थाना कोतवाली देहात क्षेत्र व नगर क्षेत्र भारिया जंगल के आस पास बालश्रम/ भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी,बाल विवाह आदि अपराधों के रोकथाम के प्रति जागरुक किया गया तथा मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दृष्टिगत मादक पदार्थों के सेवन व उनसे होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में भी जागरूक किया गया। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान उपर्युक्त अपराधों के रोकथाम हेतु वूमेन पावर लाइन 1090 , आपातकालीन पुलिस सेवा 112 , एंबुलेंस सेवा 102 /108 , महिला हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930/155260 , मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 आदि विभिन्न हेल्फ लाइन नंबरो की जानकारी दी गई। जागरुकता अभियान व अन्य ढाबा ,वर्कशॉप मालिकों को हिदायत/ चेतावनी दिया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है।

# एक शाम गौमाता के नाम भजन संध्या में झूमे गोभक्त

♦भारत टाइम्स♦

**हैदराबाद/जगदीश सीरवी।** कापरा बालाजी नगर स्थित श्री आईजी गौशाला में एक शाम गौमाता के नाम जागरण का आयोजित किया गया। प्रेस विज्ञप्ति रामनारायण जाट, जगदीश सीरवी ने बताया है आयोजक श्री वीर तेजाजी कर्टन एसोसिएशन मारवाड़ी ग्रुप सिकंदराबाद , हैदराबाद ने राजस्थान से आए भजन गायक ओमप्रकाश गगरना मेड़ता राजस्थान के जागरण का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना प्रस्तुति से की गई। उसके बाद गायकों ने राजस्थानी लोक भजनों की प्रस्तुतियां देकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वीर तेजाजी महाराज के भजन प्रस्तुत किये , भजनों से किया गोमाता की महिमा का बखान किया। देर रात तक बही भक्ति की सरिता के शुभ स्थल पर प्रसादी की व्यवस्था भी की गई थी। आयोजक श्री वीर तेजाजी कर्टन एसोसिएशन मारवाड़ी ग्रुप सिकंदराबाद हैदराबाद द्वारा सभी गौभक्त का सम्मान किया गया।

अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि विश्व जाट महासभा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष धमारांम जाट , चुन्नीलाल जाट,का राजस्थानी साफा पहनाकर सम्मान किया गया। श्री आईजी गौशाला अध्यक्ष मंगलाराम पंवार,सह सचिव ढगलाराम सेपटा, कोषाध्यक्ष नारायणलाल परिहार , भंगाराम मुलेवा, नारायणलाल बर्फा, अचलाराम हाम्बड़, मोहनलाल भायल,सर्व समाज अध्यक्ष एवं सचिव समाज बन्धु को राजस्थानी साफा पहनाकर सम्मान किया गया। लाईव प्रसारण बीआर एस राजस्थानी चैनल भगवानराम राठौड़,बबुल टीम द्वारा किया।श्री वीर तेजाजी कर्टन एसोसिएशन मारवाड़ी ग्रुप सिकंदराबाद हैदराबाद के समस्त गौभक्तो ने दान पुण्य का लाभ लिया। समस्त गोभक्त को श्री आईजी गौशाला अध्यक्ष मंगलाराम पंवार द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।

# निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद हुई युवक की मौत, डाक्टर पर लापरवाही का आरोप

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली व नगर क्षेत्र के जीटी रोड मानू का पुरवा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती एक लगभग 45 वर्षीय युवक की हर्निया के ऑपरेशन के महज कुछ घण्टो बाद ही अस्पताल में ही दर्दनाक मौत हो गई। मरीज की मौत से गुस्साए स्वजनों ने म्रतक के शव को अस्पताल के बाहर रखकर हंगामा शुरू कर दिया। जिन्होंने अस्पताल संचालक समेत डॉक्टर पर गलत आपरेशन के गम्भीर आरोप लगाए हैं। म्रतक की पत्नी ने पुलिस को घटना की लिखित तहरीर दी है। सूचना पाकर पहुँची पुलिस ने म्रतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जबकी आरोपी अस्पताल संचालक व डॉक्टर अस्पताल को



खुला छोड़ मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली व मंझिलगांव चौकी क्षेत्र के चक सलेमपुर गोली मजरे हीसापुर गांव निवासी मुन्ना सिंह 45 वर्षीय पुत्र रामाधार सिंह बीते कुछ दिनों पूर्व हर्निया की बीमारी से ग्रसित थे। जिनको स्वजनों ने इलाज के लिए कोतवाली व नगर क्षेत्र के जीटी रोड मानू का पुरवा स्थित एक निजी अस्पताल( मंथन हॉस्पिटल) में भर्ती कराया था। स्वजनों के अनुसार डॉक्टर ने जांच के बाद मरीज के तीमारदारों को आपरेशन की सलाह दी थी। जिसने आपरेशन का चार्ज 22 हजार रुपये मांगा था। डॉक्टर की दी गई सलाह पर स्वजनों ने ऑपरेशन के रुपया जमा करवा दिया। जिसके बाद डॉक्टरों ने मरीज का ऑपरेशन कर दिया। आपरेशन के कुछ घण्टो बाद ही मरीज की तबियत बिगड़ गई। जिसकी अस्पताल में ही दर्दनाक मौत हो गई। मौत से गुस्साए स्वजनों ने म्रतक के शव को अस्पताल परिसर के बाहर रख हंगामा शुरू कर दिया। जिन्होंने अस्पताल संचालक समेत डॉक्टर पर गलत आपरेशन व इलाज के गम्भीर आरोप लगाए हैं। म्रतक की पत्नी की लिखित सूचना पर पहुंची पुलिस ने म्रतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। म्रतक की पत्नी की दी गई लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जबकी डॉक्टर मरीज की मौत होते ही मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जांच पड़ताल व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आरोपी अस्पताल संचालक व डॉक्टर के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की बात कही है। हलांकि म्रतक के स्वजनों ने स्थानीय पुलिस पर भी मामले की लिखित तहरीर दिए जाने के बाद भी मुकद्दमा दर्ज किए जाने में हीलाहवाली व टरकाऊ जवाब देने के भी गम्भीर आरोप लगाए हैं। म्रतक अपने पीछे पत्नी शुशीला, पुत्र विपिन व बेटी गायत्री जो कि विवाहित है रोते बिलखते छोड़ गया। युवक की मौत की खबर सुन स्वजनों में हाहाकार मच गया। स्वजन सगे सम्बन्धी व नाते रिश्तेदार रो- रो कर बेहाल रहे। मामले के बावत कोतवाली प्रभारी हेमन्त मिश्रा ने कहा कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच व पीएम रिपोर्ट के आधार पर अस्पताल संचालक के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# सकिपा ने धूमधाम से मनाई नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती

**देश की स्वंतंत्रता के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस का योगदान था अहम.... अजय सोनी**

♦भारत टाइम्स♦

समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में गुरुवार 23 जनवरी को मंझनपुर ब्लॉक के दिवर कोतारी बाजार स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी समेत अन्य कई नेताओं, कार्यकताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया और देश को स्वतंत्रता दिलाने में उनके द्वारा दिए गए अहम योगदान को याद किया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर सबसे पहले पार्टी कार्यकताओं ने उनकी प्रतिमा पर धूप, दीप, माल्यार्पण कर उन्हे लडडू का भोग लगाया। इसके बाद एक संगोष्ठी का आयोजन कर उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और देश की स्वतंत्रता के लिए उनके द्वारा किए गए संघर्षों को लेकर विचार साझा किए। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी ने उनके बारे में कहा कि नेताजी सुभाषचन्द्र का देश को स्वतंत्रता दिलाने में अहम योगदान था। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। आगे कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस की तत्कालीन समय में विश्वपटल पर खास पहचान थी और उस समय के विश्वस्तर के नेताओ से उनका काफी अच्छा समन्वय और संबंध था। वो एक क्रांतिकारी नेता थे जिनका लोहा पूरा विश्व मानता था। आगे कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस के दिए नारे, ₹तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा₹ ने अंग्रेजी हुकूमत की नीव धंसा दी थी और अंग्रेजी हुकूमत इस नारे से खासी डर गई थी। दूसरे विश्वयुद्ध में उनके द्वारा स्थापित की गई आजाद हिन्द फौज ने विश्वस्तर पर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ युद्ध किया था। वो भारत माता के महान सपूत थे। कार्यक्रम के अंत में आए हुए सभी लोगों का मुंह मीठा कराया गया साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों का धन्यवाद आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर मनोज सोनी सुरजीत वर्मा, रामबाबू सोनी, पदुम सोनी, यशोदा यादव, पवन मिश्रा, पुष्पराज सोनकर, प्रधान, मुन्ना तिवारी, मोतीलाल सिंह राजेश गौतम भैरवदीन जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।